कोटा, झालावाड़ एवं सवाई माधोपुर से एक साथ प्रकाशित
Visit us at http://www.dailydeshkidharti.com
वन्देमातरम्

दैनिक
# देश की धरती

संस्थापक : स्व. हुकमचंद जैन Email:dhartikota@gmail.com कोटा दूरभाष 07443567050, मो.9829221551

वर्ष 49 अंक 97 कोटा मंगलवार 9 अप्रेल 2024 चैत्र शुक्ल 1 सं. 2081 प्रभात पृष्ठ 8 मूल्य:2.00 रुपये



झूलेलाल जयंती क्यों मनाई जाती है 5



82 हजार के करीब पहुंची चांदी, सोने ने भी तोड़े सारे रिकॉर्ड 7

## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्रि उत्सव के दौरान मां दुर्गा के नौ विभिन्न रूपों का सम्मान एवं पूजा की जाती है। जिसे नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है। मां दुर्गा का पहला ईश्वरीय स्वरुप शैलपुत्री है। शैल का अर्थ है शिखर शास्त्रों में शैलपुत्री को पर्वत (शिखर) की बेटी के नाम से जाना जाता है।

## के.कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका सोमवार को राउज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज कर दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि उन्हें अंतरिम जमानत देने का यह सही समय नहीं है। कविता ने अपने 16 साल के बेटे की परीक्षा का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत की मांग की थी। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके बेटे को मां के मॉरल और इमोशनल सपोर्ट की जरूरत है। ईडी ने इस दलील का विरोध किया और कहा कि वो सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकती हैं। साथ ही गवाहों को भी प्रभावित कर सकती हैं। ईडी ने दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कविता को 15 मार्च को हैदराबाद के बंजारा हिल्स से गिरफ्तार किया था। वह 23 मार्च तक ईडी की हिरासत में थीं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 26 मार्च को उन्हें 9 अप्रैल तक ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा था। तब से कविता तिहाड़ जेल में हैं। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में नियमों का हवाला देकर उनकी याचिका का विरोध किया था। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 22 मार्च को कविता को जमानत देने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट में जाने का निर्देश दिया था। दिल्ली शराब घोटाले केस में ईडी ने गुरुग्राम से कारोबारी अमित अरोड़ा को 30 नवंबर, 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक, अमित ने अपने बयान में के. कविता के नाम का लिया था। जांच एजेंसी ने दावा किया था कि कविता 'साउथ ग्रुप' नाम की एक शराब लॉबी की एक मुख्य लीडर थीं। उन्होंने विजय नायर के माध्यम से दिल्ली में एएपी सरकार के नेताओं को 100 करोड़ रुपए का भुगतान किया था। एएपी ने इस पैसे का इस्तेमाल गोवा और पंजाब विधानसभा चुनाव में किया। फरवरी 2023 में सीबीआई ने कविता के अकाउंटेंट बुचीबाबू गोरंतला को गिरफ्तार किया। ईडी ने भी बुचीबाबू से पूछताछ की थी। फिर ईडी ने हैदराबाद के व्यवसायी अरुण रामचंद्रन पिल्लई को 7 मार्च 2023 को गिरफ्तार किया। पिल्लई ने पूछताछ में बताया था कि कविता और आम आदमी पार्टी के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत 100 करोड़ रुपए का लेन-देन हुआ।

# चैत्र नवरात्रि आज से, घर-घर विराजेंगी माता

## तीन राजयोग में होगा हिंदू नववर्ष का आरंभ, भक्त रखेंगे उपवास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैदिक ज्योतिष अनुसार हर साल हिंदू नववर्ष और नव विक्रम संवत्सर की शुरुआत चैत्र नवरात्रि के प्रतिपदा दिन से होती है, जो कि इस साल 9 अप्रैल दिन मंगलवार से हो रही है। वहीं इस बार हिंदू नववर्ष पर 3 बेहद शुभ योग और राजयोग बन रहे हैं। जो है सर्वार्थ सिद्धि योग, गजकेसरी राजयोग और अमृत सिद्धि योग बन रहे हैं। जिससे अगला एक साल कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ रहेगा। साथ ही पूरी साल इन राशियों की धन- संपत्ति में बढ़ोतरी होगी। नवरात्रि में देवी दुर्गा की पूजा के साथ ही मंत्र जप और ध्यान करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन को शांति मिलती है। इन दिनों में छोटी-छोटी कन्याओं को भोजन भी करना चाहिए। भोजन के बाद कन्याओं का पूजन करें। कन्याओं को लाल चुनरी ओढ़ाएं। दक्षिणा दें। पढ़ाई के लिए जरूरी चीजें भेंट करें। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, नवरात्रि रोज सुबह जल्दी उठना चाहिए। स्नान के बाद घर के मंदिर में पूजा करें। पूजा के साथ ही मंत्र जप और ध्यान भी जरूर करें। सुबह-सुबह किए गए जप और ध्यान से ऊर्जा और उत्साह बना रहता है। आलस दूर रहता है। ध्यान करने से शरीर को स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन घटस्थापना की जाती है। चैत्र नवरात्रि का आरंभ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होता है। नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में ही घटस्थापना जिसे कलश स्थापना भी कहा जाता है की जाती है। मंगलवार 9 अप्रैल को सुबह 7 बजकर 32 मिनट तक पंचक रहने वाले हैं।

# अब नॉर्थ-ईस्ट न दिल्ली से दूर है, न दिल से दूर

- प्रधानमंत्री मोदी बोले-हमने कांग्रेस की पुरानी धारणा बदली

### कहा-कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आजादी के बाद पूर्वोत्तर राज्य दशकों तक हाशिए पर रहे। कांग्रेस सरकारों ने यहां के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया। हमने इस धारणा को बदला कि पूर्वोत्तर बहुत दूर है। आज पूर्वोत्तर न दिल्ली से दूर है और न दिल से दूर है। पूर्वोत्तर ने दुनिया को दिखाया है कि जब नीयत सही होती है, तो नतीजे भी सही होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में ये बातें कहीं। उन्होंने नॉर्थ-ईस्ट की चुनौतियों और उससे निपटने के लिए केंद्र की पहल पर चर्चा की। उन्होंने असम में उग्रवाद, अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन के दावे, मणिपुर हिंसा, नगालैंड में राजनीतिक संघर्ष और मिजोरम में घुसपैठ की समस्या पर बात की। मोदी ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और रहेगा। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। मणिपुर हिंसा को लेकर उन्होंने कहा कि वहां की स्थिति से संवेदनशीलता से निपटना होगा। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। पीएम ने बताया उन्होंने नॉर्थ-ईस्ट के विकास के लिए क्या-क्या कदम उठाए।

## मैं सिर उठाकर चलता हूं, धमकी से डरने वाला नहीं

- लाठी मारने वाली बात पर जगदलपुर में खूब दहाड़े पीएम मोदी

**बस्तर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर से पीएम मोदी ने कहा कि मैं धमकियों से डरने वाला नहीं हूं। भ्रष्टाचारियों को जेल भेजकर ही मानूंगा। पीएम मोदी ने रैली की शुरुआत अपने पुराने दोस्त बलिराम कश्यप को याद करते हुए की है। साथ ही वहां उमड़ी भीड़ को देखकर पीएम मोदी गदगद नजर आए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ही नहीं बनाएगी बल्कि विकसित भारत की आधारशिला भी रखेगी। लोगों के विश्वास के कारण पूरा देश कह रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने गरीबों को हक दिया है। बस्तर संभाग से ही हमने आयुष्मान योजना की शुरुआत की थी। इससे गरीब को सस्ता इलाज मिलता है।

## पंजाब सीएम स्टार प्रचारक की भूमिका में आएंगे नजर



- हरियाणा से लेकर गुजरात तक करेंगे प्रचार, पार्टी ने बनाया प्रोग्राम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब के सीएम भगवंत मान अब आम आदमी पार्टी (एएपी) के स्टार प्रचारक की भूमिका में नजर आएंगे। वह आज से ही पड़ोसी राज्य हरियाणा समेत विभिन्न राज्यों में जाकर आप उम्मीदवारों के पक्ष में रैलियां व रोड शो करेंगे। इसके लिए पार्टी हाईकमान ने तैयारी कर ली है। इसके अलावा कुछ अन्य नेता भी उनके साथ रहेंगे।। इनमें पार्टी के सीनियर नेता संजय सिंह व राष्ट्रीय संगठन महासचिव डॉ. संदीप पाठक शामिल है। यह दौरे पूरे महीने चलेंगे। इसके साथ ही वह पंजाब के विधायकों व मंत्रियों से हलका वाइस मीटिंग कर चुनाव की रणनीति भी बना रहे हैं। सीएम भगवंत मान अब हरियाणा से लेकर गुजरात तक के दौरे करेंगे। पता चला है कि वह इंडिया के गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में रोड शो करेंगे। 8 अप्रैल को कुरुक्षेत्र में सीएम का प्रोग्राम है। यहां पर वह पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करेंगे। 12 और 13 अप्रैल को दिल्ली के प्रोग्राम में शिरकत करेंगे। 16 और 17 अप्रैल को गुजरात में प्रोग्राम रहेगा।

## माधवी लता की सुरक्षा में 11 कमांडो तैनात

नई दिल्ली (एजेंसी)। हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी माधवी लता की सुरक्षा को केंद्र सरकार ने बढ़ा दिया। खुफिया



एजेंसी आईबी की रिपोर्ट के बाद सरकार ने माधवी लता की सिक्योरिटी में 11 कमांडो को तैनात किया है। माधवी लता सोशल मीडिया पर हिंदुत्व समर्थक के रूप में मशहूर हैं और तीन तलाक पर अपने बयानों के बाद चर्चा में आई थीं, जो अब हैदराबाद से एआईएमआईएम चीफ ओवैसी के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं।

## युवाओं को एक साल अप्रेंटिस का वादा, स्कॉलरशिप दोगुनी करेंगे

- राहुल गांधी ने फिर किए बड़े वादे, कहा-महिलाओं को एक लाख रुपए देंगे सालाना



**शहडोल (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के सिवनी में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस की जीत का भरोसा जताया और महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए देने का वादा किया। उन्होंने कहा, नई सरकार आने पर एससी, एसटी और पिछड़े वर्ग की महिलाओं के खातों में सालाना 1 लाख रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे।

सिवनी जिले के धनोरा में एक रैली को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा, हमारे घोषणापत्र में तीन से चार क्रांतिकारी कदमों का जिक्र किया गया है जिसमें एससी, एसटी, पिछड़ा और गरीब परिवारों को महिलाओं को एक लाख रुपए दिया जाना शामिल है। कांग्रेस ने मंडला सीट से पूर्व मंत्री और विधायक ओमकार सिंह मरकाम को मैदान में उतारा है। वहां यहां बीजेपी के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते को टक्कर देंगे। रैली को संबोधिक करते हुए कांग्रेस ने आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की भी सैलरी दोगुनी करने का वादा किया है। राहुल गांधी ने कहा, केंद्र में सरकार बनाने के बाद हम कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी देने का सिस्टम खत्म करेंगे और सरकारी क्षेत्र में 30 लाख भर्तियां निकालेंगे। पूर्व कांग्रेस प्रमुख ने कहा, ''हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक नया कानून भी लाएंगे कि देश के प्रत्येक बेरोजगार युवा को पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में एक साल की अप्रेंटिसशिप (ट्रेनिंग) मिलेगी जिस दौरान उन्हें भत्ते के रूप में एक लाख रुपये मिलेंगे।'' उन्होंने कहा कि अप्रेंटिसशिप पूरी करने के बाद अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें उसी जगह पर नौकरी मिल जाएगी।

## ईडी, सीबीआई चीफ को हटाएं...

- चुनाव आयोग के बाहर टीएमसी नेताओं का बवाल
- हिरासत में लिए गए धरने पर बैठे 10 टीएमसी सांसद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर शिकायत करने पहुंचे टीएमसी के कम से कम 10 सांसद चुनाव आयोग के बाहर ही धरने पर बैठ गए। इसमें राज्यसभा और लोकसभा के सांसद शामिल हैं। इसके थोड़ी ही देर के बाद दिल्ली पुलिस की टीम पहुंची



और सांसदों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के मुताबिक टीएमसी सांसदों ने चुनाव आयोग से मांग की थी कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के चीफ को पद से हटा दिया जाए। उन्होंने कहा था कि सीबीआई, ईडी और एनआईए का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है इसलिए उनके चीफ पर कार्रवाई की जाए। बता दें कि टीएमसी सांसदों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को चुनाव आयोग पहुंचा।

## मिल रहे संकेत! अब और ज्यादा ऐक्टिव होगी एनआईए की टीम

- गृह मंत्रालय का बड़ा कदम, 34 लोक अभियोजक की नियुक्ति को दी मंजूरी





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में कार्रवाई की। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस हंगामेदार ऐक्शन से पहले राज्यों में 34 विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। उनमें से आठ को पश्चिम बंगाल और सात को दिल्ली को आवंटित किया गया, जहां एनआईए का मुख्यालय है। गृह मंत्रालय से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है, केंद्र सरकार अदालतों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से मामलों की पैरवी करने के लिए अधिवक्ताओं को तीन वर्ष की अवधि के लिए विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) के रूप में नियुक्त करती है। एसपीपी स्पेशल एनआईए कोर्टों और हाईकोर्टों में पैरवी करेंगे। नोटिफिकेशन में गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मद्रास, मेघालय सहित अन्य राज्यों के लिए एसपीपी के नाम भी दिए गए हैं।

## हिमाचल की राजनीति में अब बीफ की 'एंट्री'

**शिमला (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हिमाचल में 'बीफ' पर राजनीति हो रही है। विपक्ष के नेता मंडी लोकसभा सीट पर बीजेपी की प्रत्याशी कंगना रनौत को इस मुद्दे पर घेर रहे हैं। हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना का नाम लिए बिना लिखा है कि हिमाचल प्रदेश देवी-



देवताओं का पवित्र स्थल है। यह देवभूमि है, जहां गोमांस का सेवन करने वाले चुनाव लड़ें, यह हमारी संस्कृति के लिए चिंता का विषय है, जिसका राजनीति से कोई सरोकार नहीं है। कंगना ने अब इस मुद्दे पर जवाब दिया है। कंगना रनौत ने कांग्रेस के आरोपों का जवाब देते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है कि मैं गोमांस या किसी अन्य प्रकार के लाल मांस का सेवन नहीं करती। यह शर्मनाक है कि मेरे बारे में पूरी तरह से आधारहीन अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं दशकों से योगिक और आयुर्वेदिक जीवन शैली की वकालत और प्रचार कर रही हूं। इस तरह की अफवाहे मेरी छवि खराब नहीं कर सकती।

## महाराष्ट्र में 'संजय' के निशाने पर 'संजय', जमकर किया वार

### संजय निरूपम ने संजय राउत को बताया खिचड़ी चोर



**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम ने शिवसेना (यूबीटी) नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए है। उन्होंने सोमवार को कोविड के दौरान हुए खिचड़ी घोटाले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने संजय राउत को खिचड़ी चोर बताते हुए कहा कि मुझे दुख है कि मैं अपने मित्र के बारे में कुछ कहने जा रहा हूं। इस पूरे खिचड़ी घोटाले के सूत्रधार शिव सेना (यूबीटी) प्रवक्ता संजय राउत हैं। इस घोटाले में उन्होंने अपनी बेटी, भाई और पार्टनर के नाम पर पैसे लिए हैं। उन्होंने इस नाम पर चेक के जरिए रिश्वत ली है। उनकी बेटी विधिता संजय राउत की, जो खुद मासूम है और इन बातों से अनजान है।

### रूस ने भारत से निभाई दोस्ती

# यूक्रेन युद्ध के बाद भी भेजी ईगला मिसाइल

- चीन-पाकिस्तान के विमानों की खैर नहीं, आएगी शामत



**मास्को (एजेंसी)।** यूक्रेन युद्ध में फंसे होने के बाद भी रूस ने भारत से दोस्ती निभाई है और ईगला एयर डिफेंस सिस्टम की पहली खेप भारत को भेज दी है। इसके तहत भारत को 100 ईगला मिसाइलें मिली हैं। भारत और रूस के बीच हुई डील के तहत 24 मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम और 100 मिसाइलें रूस से मिली हैं और बाकी का भारत में ही निर्माण किया जाएगा। इस मिसाइल के मिलने के साथ ही भारत की बहुत कम दूरी की एयर डिफेंस क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी होगी। इससे पहले भारत ने साल 2021 में इमरजेंसी खरीद के तहत रूस से 24 लांचर और 216 मिसाइलें खरीदी थीं लेकिन ताजा डील काफी बड़ी है। इगला एस सिस्टम में एक सिंगल लॉन्चर और एक मिसाइल होती है। भारत ने पिछले साल नवंबर महीने में 120 लॉन्चर और 400 मिसाइलों को खरीदने की डील की थी। रूस ने भारत को तकनीक ट्रांसफर की है और अब ये मिसाइलें तथा लॉन्चर हिंदुस्तान में ही बनेंगे। इगला एस मिसाइल को भारत की उत्तरी सीमा पर पहाड़ी इलाकों में तैनात सैनिकों को दिया जाएगा जो चीन और पाकिस्तानी फाइटर जेट के खतरे का सामना कर रहे हैं। सेना के एक रेजीमेंट को इस सिस्टम से लैस कर दिया गया है।

## हिन्दू नववर्ष पर होगा भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा का आयोजन'

**बारां 08 अप्रेल।** भारतीय नववर्ष स्वागत समारोह समिति के तत्वावधान में मंगलवार 09 अप्रैल 2024 चौत्र शुक्ल प्रतिपदा एकम विक्रम संवत 2081 के शुभ अवसर पर नाहरगढ़ कस्बे में भव्य कलश व शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।प्रचार विभाग नाहरगढ़ व आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई कि हिंदू नववर्ष चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को नगर के लाल किला परिसर स्थित मां आशापाला मंदिर प्रांगण से गंगा , यमुना व सरस्वती कलश व भारत माता झांकी एवं राम दरबार झांकी के शास्त्रीय व विधि-विधान पूर्वक पूजन कर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## महाराजा अग्रसेन सेवा समिति द्वारा बंगाली थीम पर

### शक्ति स्वरूपा दुर्गा का किया स्वागत

बारां, 08 अप्रैल। महाराजा अग्रसेन सेवा समिति द्वारा कोटा रोड स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में बंगाली थीम पर किटी का आयोजन किया गया। जिसमें मेजबान सदस्य रेखा, कल्पना, तारा, संतोष, सीमा द्वारा सभी सदस्यों का रोली चावल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मेजबान सदस्यों ने बताया कि सभी सदस्य बंगाली थीम में बहुत ही प्यारे और सुंदर-सुंदर दिख रहे थे। बंगाली परिधान अपने आप में ही एक परिपूर्ण परिधान है। नगर अध्यक्ष संगीता झालावाड़ी ने बताया कि मां दुर्गा स्वयं शक्ति स्वरुपा है और नवरात्रि में सभी भक्त आध्यात्मिक शक्ति, सुख समृद्धि ,की कामना करने के लिए इनकी उपासना करते हैं और व्रत रखते हैं।

## विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन ने एडवोकेट हिमानी यादव सोन का किया सम्मान



**बारां, 08 अप्रैल।** विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन की टीम ने जिलाध्यक्ष मांगीलाल सुमन के नेतृत्व में दीनदयाल पार्क स्थित एक निजी लॉज में एडवोकेट हिमानी यादव सोन का शॉल और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत सम्मान किया। एसोसिएशन के जिला सचिव पदम कुमार महावर एवं जिला उपाध्यक्ष छीतरलाल सुमन ने बताया कि एडवोकेट श्रीमती सोन का राजस्थान स्थापना दिवस पर जयपुर में जी-22 समरसता सांस्.तिक समन्वय सम्मेलन में सामाजिक, सांस्.तिक महिला सशक्तिकरण संस्कारित क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने पर सम्मान किया गया था। श्रीमती सोन का जयपुर में सम्मान होने से बारां के संगठन में भी हर्ष था। इसी के चलते आज विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन ने एडवोकेट हिमानी यादव सोन का स्वागत सम्मान किया। विश्व मानवाधिकार एसोसिएशन के स्वागत से अभिभूत हुई हिमानी यादव सोन ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने मुझे प्रोत्साहित किया उसके लिए संगठन के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करती हूं। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व व्याख्याता कालूराम सुमन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामगोपाल सैनी डबका, पुष्पदयाल वर्मा, विनय सोन, बृजमोहन सुमन, पार्षद रामराज सुमन, रमेश यादव, सत्यनारायण भूमलिया, सुनील यादव, हरिराम गुर्जर, राजमल सुमन आदि मौजूद रहे।

## रियासतकालीन गणगौर शोभायात्रा 10 और 11 को

**बारां 08 अप्रेल।** राजा-महाराजाओं के समय से निकाली जाने वाली रियासतकालीन ऐतिहासिक गणगौर शोभायात्रा इस वर्ष भी 10 ओर 11 अप्रैल को धूमधाम से निकाली जायेगी समिति के कोषाध्यक्ष हितेश गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणगौर शोभायात्रा अपने शाही लवाजमे के साथ निकाली जानी हैं गणगौर राजस्थान का लोक पर्व हैं गणगौर महोत्सव शोभायात्रा 11 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से भेरूपाड़ा चौमुखा बाजार से निकाली जायेगी। उसके पूर्व में 10 अप्रैल को परंपरागत स्वांग दोपहर 2 बजे से निकाले जाएंगे। शोभायात्रा के लिए समिति के वरिष्ठ संरक्षक ललित मोहन खंडेलवाल, रामभरोस सेन, और दुष्यंत शर्मा ने बताया कि इस परंपरा को जीवंत रखने के लिए बड़ो के साथ युवा वर्ग ने भी बहुत रुचि दिखाते हुए जिम्मेदारियों को संभाला हैं, साथ ही इस बार कई झाकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी ओर जनता को मोहित करेगी।

## आदिवासी मीणा समाज की बैठक संपन्न

**बारां, 08 अप्रैल।** आदिवासी मीणा समाज जिला बारां की बैठक मीणा समाज मंदिर पर संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा ने की। बैठक में मीणा समाज के सैकडों लोगों की मौजूदगी में 11 अप्रैल को मिनेष जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। 11 अप्रैल को मंदिर नर्सिंग भगवान डोल मेला तालाब पर दोपहर 12 बजे से मीणा समाज की महिला-पुरूषों एवं कर्मचारी संगठन के सदस्यों के सहयोग से विचार गोष्ठी कर भगवान मिनेष के अवतरण दिवस को मनाया जाएगा। बैठक में जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज मीणा, जिला उपाध्यक्ष रमेशचन्द मीणा, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल महुवा, महामंत्री गिरराज बामली, कर्मचारी अध्यक्ष मुकुट मीणा, अमृत छजावा, राजेंद्र मीणा, हरिनारायण मीणा, प्रेम खेडली, रामस्वरूप सुंदलक, रामहेत मीणा, इन्द्रपति मीणा, हरिओम मीणा, राकेश माथना, बाबूलाल बैंगना, माणक मेरमा, सुरेंद्र बरखेडी, मनीष मीणा खुरी, किशोरीलाल मीणा, खेतीलाल मीणा, लोकेश मीणा काजीखेड़ा, विनोद मीणा काजीखेड़ा, नरेंद्र मीणा, हंसराज मीणा खुरी, सुरेंद्र मीणा बरखेडी, पुष्पेंद्र मीणा, पवन मरमट आदि कई समाज बन्धु उपस्थित रहे।

## अग्रवाल सेवा उत्थान समिति द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया



**बारां, 08 अप्रैल।** अखिल भारतीय अग्रवाल सेवा उत्थान समिति कोटा संभाग इकाई बारां जिला महिला मंडल द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा संभाग के अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल विशेष अतिथि संभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, विशेष स्थिति डीके मित्तल, नवीन अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल थे। बारां इकाई महिला अध्यक्ष ज्योति बंसल, महामंत्री वर्षा गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सबसे प्रथम महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा में माला अर्पण कर प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का अतिथि द्वारा शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता पर विशेष ध्यान दिया।

## रक्तदान शिविर से करेंगे भारतीय नववर्ष का स्वागत रू शिवसेना

**बारां, 08 अप्रैल।** शिवसेना व्यायामशाला की बैठक संपन्न संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रमुख प्रेम भारद्वाज और युवासेना प्रमुख चंदनसिंह महाराजा रहे। बैठक में जिला प्रमुख प्रेम भारद्वाज ने सभी युवा साथियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सनातन धर्म के अनुसार हम हमारे प्रत्येक त्यौहार और उत्सव की शुरुआत असहाय लोगों की मदद कर सेवाकाज करके करते हैं।

# हमारे दरवाजे हमेशा खुले है, महलों के दरवाजे बंद मिलेंगे-उर्मिलाजैन

**झालावाड़ 08 अप्रेल।** लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी श्रीमती उर्मिला जैन भाया द्वारा अपने चुनावी जनसम्पर्क अभियान के तहत आज खानपुर विधानसभा क्षेत्र के बकानी ब्लॉक के डेढ दर्जन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर जनसम्पर्क किया गया। जनसम्पर्क के दौरान श्रीमती उर्मिला जैन भाया को गांवों में अपार जन समर्थन मिल रहा है तथा उनका गांव-गांव में माल्यार्पण, आतिशबाजी कर भव्य स्वागत, सम्मान किया जा रहा है। खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर ने बताया कि झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी श्रीमती उर्मिला जैन भाया द्वारा सोमवार को विधानसभा क्षेत्र खानपुर के ब्लॉक बकानी की रीछ्वा, नसीराबाद, बडबड, सलावद, झिझनिया, करलगांव, देवनगर, रेपला, नानौर, बडाय, बरखेडाकलां, मोडी, थोबडिया खुर्द, बकानी, गरवाडा, खेरिया, रटलाई एवं रिझोन ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आमजन के बीच पहुंचकर बुजुर्गा से चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त कर जनसम्पर्क करते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की गई।



जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान उर्मिला जैन भाया ने कहा राजा और सेवक में फर्क समझो। राजा जीत कर महलों में जाएंगे और हम सदैव आपके बीच रहेंगे। आप मुझे मौका दे, हम इस बार झालावाड पर भरोसा कर रहे है। मैं झालावाड की भानेज हूं, जितनी परवाह हम आपकी करेंगे, परदेशी नही करेंगे। इतने सालों से यह जीतते आ रहे है, पर कोई भला आपका नही किया केवल झूंठ बोलकर कांग्रेस के विकास कार्यो को स्वयं गिना रहे है। परवन वृहद सिंचाई परियोजना भायाजी की देन है। वसुंधराराजे जी मुख्यमंत्री होकर भी वो नही कर सकी और भायाजी ने परवन वृहद सिंचाई परियोजना को स्वीकृत करवाया। श्रीमती भाया ने कहा कि हमारे दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले है लेकिन महलों के दरवाजे आपको हमेशा बंद मिलेंगे। मैं आपकीबहू, भानेज हूं, आप इस बार मुझे वोट दे, मैं और प्रमोद भायाजी आप सभी के लिए हमेशा खडे रहेंगे। दिल्ली और राजस्थान के सभी नेता व कांग्रेस पार्टी ने मुझे आदेश दिया है कि जनता के लिए आपको लडना है, हमने आप सबके भरोसे पर टिकट लिया है। इस बार महलों वालों को नही बल्कि आपके अपनों को, हमें जीताकर भेजो।

## सीताबाड़ी में सोमवार को सोमवती अमावस्या पर्व

### श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंडो में स्नान कर पूजा अर्चना

**केलवाड़ा।** कस्बे के सीताबाड़ी में सोमवार को सोमवती अमावस्या पर्व पर बड़ी संख्या में यहां पहुचे श्रद्धालुओं ने पवित्र कुंडोड्ढ में स्नान कर पूजा अर्चना की। सीताबाड़ी में श्रद्धालुओं के आने का क्रम रविवार से ही प्रारम्भ हो गया था। स्नान का सिलसिला सोमवार सुबह चार बजे से प्रारम्भ हुआ जो दोपहर बाद तक चलता रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सीताबाड़ी के लक्ष्मण कुंड, श्रीराम कुंड, शिव कुंड, लवकुश कुंड आदि में स्नान कर पूजा अर्चना कर दान पुण्य किए। कहीं कथा, कहीं पूजा-सीताबाड़ी के विभिन्न मंदिरों में सुबह से ही कहीं समूह में कथा सुनने तो कहीं पूजा करने के नजारे थे। यहां बड़ी संख्या में पहुंची महिला श्रद्धालुओं ने समूहों में तुलसी पूजा की तो कहीं समूहों में बैठकर सोमवती अमावस्या की कथा सुनी। कस्बे के ग्रामीण भी पुण्य कमाने में पीछे नहीं रहे। यहां विश्वकर्मा तिराहे पर गणेश मेटल्स, पूरण डीलर, सीताबाड़ी में आने जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं शीतल पेय वितरण किया सुरक्षा को लेकर सीताबाड़ी परिसर में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। सोमवती अमावस्या के पर्व पर बड़ी संख्या में लोग यहां वाहनों से बसों से पहुचे जिससे सीताबाड़ी मार्ग पर दिनभर वाहनों की रेलमपेल बनी रही वहीं केलवाड़ा बस स्टैंड पर कई बार जाम के हालात बने।

## नगर के तिराहे पर नहीं हैं ब्रेकर हो रही दुर्घटनाए

**मांगरोल।** कस्बे के मुख्य मुख्य तिराहे पर स्पीड ब्रेकर की कमी होने के कारण स्टेट हाईवे पर ब्रेकर नहीं बनाया गया है, पुलिया पर से आने वाले रास्ता, तहसील बायपास रोड से बनाई गई पुलिया बारां रोड पर जाने वाले वाहन के मध्य एक विकट घुम है यहां पर किसी प्रकार की लाइटिंग की सुविधा नहीं है कई बार अवगत कराने पर ब्रेकर नहीं बनाया गया दिनेश सुमन ने बताया कि रात्रि में शादी के समय, अनाज बेचने के समय बड़ी-बड़ी मशीन यहां से गुजरती है और प्रतिदिन मोटरसाइकिल एक्सीडेंट की घटना पिछले लंबे समय से हो रही है ऐसे में प्रशासन की अंधे देखी से आमजन का कब तक नुकसान होता रहेगा, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से संपर्क साधने की कोशिश की गई लेकिन कोई जवाब देही नहीं मिली ।

## माँगरोल एतिहासिक ढाई कड़ी श्रीराम लीला 9 अप्रेल शुभारंभ

**मांगरोल।** कस्बे में भारतीय नव वर्ष 9 अप्रेल को हिन्दू सार्वजनिक श्रीरामलीला मंच कुंज चौक पर डेढ सौ वर्ष से हो रही प्रसिद ढाई कड़ी श्रीरामलीला के कार्यक्रम श्रीराम जन्म उत्सव के साथ शुरु होगें । 10 अप्रेल बधुवार धनुष यज्ञ,ओर 11 अप्रेल गुरुवार को भव्य श्रीराम बरात ब्रहाणीमाता दी धाम से शुरु होगी । 12 अप्रेल श्रीराम बनवास, 13 अप्रेल शनिवार सुर्पनका की नाक काटने की लीला का मंच होगा,14अप्रेल रविवार सीताहरण,15अप्रेल सोमवार को बाली सुग्रीव की लडाई,16अप्रेल मंगलवार हनुमान सौदा( मालण माली),17अप्रेल बधुवार लक्षमण शक्ति,18 अप्रेल गुरुवार रावण वध,19अप्रेल शुक्रवार श्रीराम राज्य अभिषेक समापन समारोह पूर्व क किया जायेगा,। आयोजन समिति अध्यक्ष ललिक गौतम ,श्रीरामबरात सयोंजक डी के चौरसियां के अनुसार श्रीरामबरात में बाहर से आमँत्रित झांकिरो आकर्षण का केंद होगी ।

## अन्नपूर्णा रसोई की थाली से चावल, अचार नदारद

**मांगरोल।** कस्बे में सरकार की अन्नपूर्णा रसोई योजना के अंतर्गत कस्बे में अन्नपूर्णा रसोई के हालात खराब हैं । सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार 300 ग्राम चपाती, 100 ग्राम दाल, 100 ग्राम सब्जी, 100 ग्राम चावल या खिचड़ी, आचार दिया जाना निर्धारित किया है, लेकिन वर्तमान में रोटी - सब्जी की गुणवत्ता सही नहीं मिल रही है और अचार, चावल तो कभी थाली में आमजन को दिया ही नहीं गया है । धानमंडी में माल बेचने आए किसानों ने जब रोटी को हाथ में लेकर देखा तो बताया कि आधी से ज्यादा रोटी केवल सूखा आटा मात्र थी । अन्नपूर्णा रसोई ठेकेदार की शिकायत को लेकर पूर्व में वार्ड वासियों ने नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया था, लेकिन पालिका प्रशासन की उदासीनता का खामियाजा आम नागरिक को उठाना पड़ रहा है । पालिका प्रशासन का कहना है कि अन्नपूर्णा रसोई की व्यवस्था को सरकारी आदेशों के अनुरूप चलाने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिए हैं । जल्द ही रसोई व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाया जायेगा ।

## डीएसटी टीम बारां एव थाना केलवाडा की संयुक्त कार्यवाही 11 जुआरी जुआ खेलते हुए पकडे जुआ राशि 1,40,200 रुपये जब्त

**केलवाड़ा /** पुलिस अधीक्षक बारां राजकुमार चौधरी ने बताया कि आगामी लोक सभा चुनाव 2024 को मध्य नजर रखते हुए अवैध कार्यों शराब तस्करी, अवैध हथियार, जुआ-सट्टा इत्यादि की रोकथाम हेतू सभी थानाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए है, निर्देशों की पालना में राजेश चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बारां के मार्गदर्शन तथा रिछपाल मीणा वृत्ताधिकारी वृत शाहबाद के सुपरविजन एव जिला स्पेशल टीम बारां एव पुलिस थाना केलवाडा जिला बारां की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम खटका के सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तो पर जुआ खेलते हुए मुलजिमान 01. पंकज शिवहरे पुत्र रमेशचन्द जाति कलाल उम्र 24 साल निवासी हथवारी थाना केलवाड़ा जिला बारां (राज0) 02. राकेश पुत्र पांचूलाल जाति वाल्मिकी उम्र 42 साल निवासी केलवाड़ा थाना केलवाड़ा जिला बारां 03. सुदर्शन



मेहता पुत्र रामस्वरूप जाति किराड़ उम्र 30 साल निवासी तिलगंवा थाना कस्बाथाना जिला बारां 04. कैलाशचन्द पुत्र देवीलाल जाति किराड़ उम्र 53 साल निवासी खटका थाना केलवाड़ा जिला बारां 05. रामकुमार पुत्र रामलाल जाति किराड़ उम्र 32 साल निवासी खटका थाना केलवाड़ा जिला बारां 06. सूरजसिंह पुत्र गोवंदी जाति किराड़ उम्र 45 साल निवासी पीपलखेड़ी थाना कस्बाथाना जिला बारां 07. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र रामकिशन जाति सहरिया उम्र 29 साल निवासी अमरोली थाना केलवाड़ा जिला बारां 08. खालिद अहमद उर्फ बल्लु पुत्र खलिल अहमद जाति मुसलमान उम्र 45 साल निवासी केलवाड़ा थाना केलवाड़ा जिला बारां 09. सुनील भार्गव पुत्र घनश्याम जाति ब्राह्मण उम्र 31 साल निवासी खटका थाना केलवाड़ा जिला बारां 10. रामजीलाल पुत्र मोहनलाल जाति राठोर उम्र 45 साल निवासी केलवाड़ा थाना केलवाड़ा जिला बारां 11 बबलु पुत्र मुरारीलाल जाति किराड़ उम्र 43 साल निवासी केलवाड़ा थाना केलवाड़ा जिला बारां को डिटेन किया जाकर मुल्जिमानों के कब्जे से जुआ राशि 1,40,200 रुपये मय जुआ उपकरण ताश के 52 पत्तो के जब्त कर मुल्जिमानों को गिरफ्तार किया गया। मुलजिमानों के विरुद्ध आज दिनांक 08.04.2024 को जुआ एक्ट में थाना केलवाड़ा पर प्रकरण 90/2024 दर्ज हुआ है जिसका अनुसंधान एव अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## अन्ता में दो दिवसीय गणगौर उत्सव 11 अप्रैल से शुरू

**अंता 8 अप्रैल।** अन्ता में गणगौर आयोजन समिति की बैठक रविवार को सम्पन्न हुई।गणगौर आयोजन समिती के अध्यक्ष धनराज चौरसिया ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय गणगौर उत्सव पर झांकियां निकालने का निर्णय लिया गया।गणगौर उत्सव के प्रथम दिन 11 अप्रैल गुरुवार को स्वर्ण आभूषणों से शोभित ईसर-गणगौर का जोड़ा निकाला जाएगा। ईसर-गणगौर की सवारी ओमप्रकाश नन्दवाना के आवास से प्रारंभ होकर विष्णुदत्त नन्दवाना के मकान से मेन बाजार, सर्राफा बाजार,हेली के चौक,दाऊजी के मंदिर होती हुई वापस गंतव्य स्थान पर आकर समापन होगा।वही दूसरे दिन 12 अप्रैल शुक्रवार शाम को स्वर्ण आभूषणों से शोभित ईसर-गणगौर का जोड़ा सहित 2 दर्जन आकर्षित झांकियां,5 दर्जन से अधिक उमराव व बादशाह के नेतृत्व में झाकियां ओमप्रकाश नन्दवाना के आवास से प्रारंभ होकर मेन बाजार,सब्जीमंडी, शिवाजी चोक,पंचायत समिति, हॉस्पिटल,पीडब्ल्यूडी चौराहा से पोस्ट ऑफिस बालाजी की बगीची पहुंचेगी। जहाँ बादशाह की महफ़िल होगी फिर बादशाह द्वारा सभी उमराव एवं कलाकारों को ईनाम दिया जाएगा उसके पश्चात वहाँ से रवाना होकर अपने गंतव्य स्थान पर समापन होगा।वही इस वर्ष गणगौर उत्सव के बादशाह दीपक चौरसिया होंगे। इस बैठक के दौरान मुरलीधर शर्मा, भवानीशंकर दाधीच,बृजेश नन्दवाना,बंशीलाल सोनी, राजकुमार नन्दवाना,श्यामबिहारी चौरसिया, संजय नन्दवाना,गोविंद शर्मा,सुरेश सोनी,बंटी नंदवाना,सुरेश नागर,रिंकू गुर्जर,रोहित नन्दवाना,शिवस्वरूप शर्मा,गणेश दाधीच,घनश्याम दाधीच, अशोक चौहान,अक्षयसिंह, कनक सोनी,सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट का सम्मान समारोह संपन्न



**अंता 8 अप्रैल।** अभिभाषक परिषद अंता द्वारा न्यायालय मजिस्ट्रेट न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अंता मनीषा अग्रवाल का स्थानांतरण निम्बाहेडा होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया अभिभाषक परिषद अध्यक्ष डॉक्टर भगवान प्रसाद दाधीच एडवोकेट ने बताया कि नवनियुक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शर्मा का स्वागत किया गया तथा समस्त अधिवक्ताओं द्वारा परिचय दिया गया इस अवसर पर अधिवक्ता महमूद हसन खान रमेश चंद काबरा अक्षय राज सिंह देवकीनंदन गालव महामंत्री पुनीत नंदवाना दिनेश केवट मनीष नागर जाकिर अंसारी अभिभाषक परिषद बारां के अध्यक्ष मदनलाल गालव मंत्री गजेंद्र नागर सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

## 70 हजार पार सोना कैसे गरीब आदमी शादी-विवाह के लिए खरीद पाएगा- भाया

### भाजपा ने गरीबों की पेंशन बंद कर दी-करणसिंह राठौड

बारां 08 अप्रेल। लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी श्रीमती उर्मिला जैन भाया के पक्ष में मतदान करने की अपील को लेकर राज्य के पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया द्वारा सोमवार को ब्लॉक-छीपाबडौद के डेढ दर्जन गांवों में कांग्रेसजनों के साथ पहुंच कर जनसम्पर्क किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष छीपाबडौद मूलचन्द शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया द्वारा आज झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी श्रीमती उर्मिला जैन भाया के पक्ष में आज छीपाबडौद ब्लॉक के मवासा, टांचा, अजनावर, ढोलम, रांई, मोखमपुरा, खेडला जागीर, देवरीजोध, गोरधनपुरा, काल्पा जागीर, सारथल, कलमोदिया, दीगोद जागीर, हरनावदा शाहजी एवं कुम्भाखेडी गांवों में पहुंचकर जनसम्पर्क करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती उर्मिला जैन भाया को विजयी बनाने की अपील की गई। हरनावदा शाहजी में कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया। प्रमोद भाया का जनसम्पर्क के दौरान गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा आतिशबाजी, फूल मालाओं से भव्य स्वागत सम्मान किया जा रहा है। जनसम्पर्क के दौरान पूर्व विधायक करणसिंह राठौड, विधानसभा प्रभारी कैलाश शर्मा, कानसिंह चौधरी, मण्डल अध्यक्ष रामनिवास मालव, प्रेमसिंह चौधरी, सिद्वार्थ सिंह, सत्यनारायण माथोडिया, नफीस अहमद, देवेन्द्र पंचोली, पूर्व सरपंच द्वारकालाल धाकड, बृजराज मीणा, नारायण मीणा, सुरेन्द्र मालव, बाबूलाल टाटू, कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कांग्रेसजन साथ में रहे। पूर्व मंत्री प्रमोद भाया ने जनसम्पर्क के दौरान कहा कि मोदी सरकार की गारण्टी का मतलब है सरकारी कर्मचारियों की पैशंन बंद करने की गारंटी, मोदी सरकार की गारंटी का मतलब है जो सोना 28 हजार था आज उसको 70 हजार के पार पहुंचा दिया।

# भ्रष्टाचार और विकास के बीच है यह चुनाव : दुष्यंत सिंह

**भवानीमंडी।** झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह ने कहा कि यह चुनाव भ्रष्टाचार और ईमानदार विकास के बीच का है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ उनका तीन दशकों से भी ज़्यादा पुराना रिश्ता है। यह ऐसा जोड़ है जो किसी के बहकावे में आकर बिखरने वाला नहीं है। सांसद प्रत्याशी ने कहा कि क्षेत्र की पूर्व सांसद एवं प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे ने यहाँ सर्वांगीण विकास को गति दी।उन्हीं के प्रयासों से आज डग क्षेत्र में सड़कों, नहरों और पेयजल लाइनों का जाल



बिछ्रा हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी के पति दो बार मंत्री रहे। एक बार तो उन्हें भ्रष्टाचार के आरोपों में हटाया गया, दूसरी बार उन्हें झालावाड़ ज़लि का प्रभारी बना दिया गया। इन दस सालों में उन्होंने झालावाड में चल रहे विकास कार्यों को ठप करने के अलावा कुछ नहीं किया। सोमवार को भवानीमंडी ग्रामीण एवं मिश्रोली क्षेत्रों में जन संपर्क के दौरान सिंह ने यह बात कही। जन संपर्क सभाओं को विधायक कालूराम मेघवाल और वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश जैन करावन ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी ने अलावा, कोटड़ा, मोगरा, मोयाखेड़ा, नारायणखेड़ा, गुराडिया माना, गुढ़ा, गुराडिया जोगा, आंकखेड़ी, नाहरघट्टा, सिलेहगढ़, खोखरिया खुर्द, करावन, आवर, पगारिया व जाज़नी सहित बीस गावों में जनसम्पर्क किया।

यह रहे मौजूदःप्रधान सुल्तान सिंह, उप प्रधान ओंकार गुर्जर, भंडारण निगम के पूर्व अध्यक्ष मानसिंह चौहान, भवानीमंडी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष बलराम जाट, मिश्रोली के जगमाल सिंह, ज़लिा मंत्री राकेश गुप्ता, तूफ़ान सिंह कोटड़ा, विमल जैन इस दौरान साथ रहे।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने मिठाई और कचोरी की दुकान से 24 नमूने लिए

## शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत

**देश की धरती ।** कोटा 8 अप्रेल । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देशानुसार और आयुक्त फूड सेफ्टी एवं ड्रग कंट्रोल राजस्थान इकबाल खान व जिला कलेक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी के मार्गदर्शन में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत सोमवार को अतिरिक्त आयुक्त फूड सेफ्टी एंड ड्रग कंट्रोल राजस्थान पंकज ओझा ने खाद्य सुरक्षा टीम के साथ शहर में कचोरी और मिठाई निर्माताओं/विक्रताओं का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा टीम ने खाद्य पदार्थों के 24 नमूने एकत्रित किए। अतिरिक्त आयुक्त फूड सेफ्टी एंड ड्रग कंट्रोल पंकज ओझा ने बताया कि अभियान के तहत नयापुरा स्थित रतन कचोरी एंड स्वीट्स का निरीक्षण करने पर मिठाईयों पर बेस्ट बिफोर अंकित नहीं था। वहां पहले से काम लिए गए खाद्य तेल को पूरी तरह हटाए बिना उसमें नया तेल मिलाकर तलने के लिए काम में लिया जा रहा था। वहां फूड हैंडलर्स का मेडिकल सर्टिफिकेट मौके पर नहीं पाया गया। कचोरी तलने के स्थान पर जाले लगे हुए थे, दीवारों पर गंदगी लगी हुई थी। आस पास भी अनहाइजेनिक स्थिति में कचोरी तलने का कार्य किया जा रहा था। विक्रेता को सुधार करने के निर्देश देते हुए खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के नियम 32 के तहत नोटिस दिया जाएगा। टीम ने मौके से यूज्ड आईल, नमकीन, मिल्क केक, मिर्च, हल्दी, धनिया, घी, साबुदाना खिचड़ी के कुल 8 नमूने खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत



लिए। टीम ने इसके बाद गुमानपुरा स्थित जोधपुर स्वीट्स का निरीक्षण किया। वहां भी मिठाईयों पर बेस्ट बिफोर अंकित नहीं था, कचोरी तलने वाला तेल 6-7 दिन में बदलना बताया, यहां से खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत यूज्ड तेल, कचोरी में भरने का मसाला, मैदा का घोल, घी, मिर्च, हल्दी, धनिया, नमक के 8 नमूने लिए। इसके बाद टीम ने महावीर नगर चौराहा रंगबाड़ी रोड स्थित जय अम्बे नमकीन का निरीक्षण किया। वहां भी कचोरी/समोसे में तलने के लिए काम में लिया जा रहा तेल तीन बार से अधिक बार तलने में उपयोग लिया जा रहा था। फूड हैंडलर्स का मेडिकल सर्टिफिकेट एवं पानी की जांच रिपोर्ट मौके पर नहीं मिली। टीम ने मौके से यूज्ड तेल, नमकीन, मिर्च, हल्दी, धनिया पाउडर, मैदा, बेसन, नमक के 8 नमूने लिए। सीएमएचओ डॉ. जगदीश सोनी ने बताया कि उक्त सभी विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 के नियम 32 के तहत नोटिस जारी किये जाएंगे। लिए गए सभी नमूनों को प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही करने वाली टीम में अतिरिक्त आयुक्त पंकज औझा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, चंद्रवीर सिंह जादौन और नितेश गौतम शामिल रहे।

### नाम वापसी के बाद कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में

# 15 प्रत्याशी चुनाव मैदान में




**देश की धरती ।** कोटा 8 अप्रेल । लोकसभा आम चुनाव 2024 के दूसरे चरण के चुनाव के लिए सोमवार नाम वापसी के अंतिम दिन 3 प्रत्याशियों ने अपने वापस लिए हैं। दो प्रत्याशियों द्वारा शनिवार को नाम वापस ले लिए गए थे। इस तरह अब 15 प्रत्याशी शेष रहे हैं जिनके बीच चुनाव होना है। रिटर्निंग अधिकारी कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने शेष रहे अभ्यर्थियों की बैठक लेकर शांतिपूर्ण निर्वाचन में सहयोगी बनने का आव्हान किया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता, विभिन्न प्रकार की अनुमति, प्रचार के दौरान ध्यान रखे जाने वाले दिशा-निर्देशों से अवगत कराया।

## इन्होंने लिए नाम वापस-

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नाम वापसी के अंतिम दिन सोमवार को मोईनुद्दीन कुरैशी, मनोज कुमार महावर एवं योगेश कुमार शर्मा ने अपने नाम वापस लिए हैं।

## इन प्रत्याशियों में मुकाबला-

कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र के लिए 15 प्रत्याशी हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी से ओम बिरला, बहुजन समाज पार्टी से धनराज यादव, इंडियन नेशनल काँग्रेस से प्रहलाद गुंजल, एकम सनातन भारत दल से आशीष योगी, राईट टू रिकॉल पार्टी से तरूण गोचर, भारतीय जवान किसान पार्टी से बलदेव सिंह फौजी, निर्दलीय अब्दुल आसिफ, ओमप्रकाश शाक्यवाल, कमल कुमार बैरवा, कैलाशी अनिल जैन, भंवर कुमार रावल, मोईनुद्दीन, रामनाथ मेहरा, लक्ष्मीचंद एवं सत्येन्द्र कुमार जैन प्रत्याशी हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, संबद्ध अधिकारीगण, अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## होली मिलन व सम्मान समारोह मनाया

देश की धरती । कोटा 8 अप्रेल । अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला कोटा ने शिवज्योती कान्वेंट स्कूल श्रीनाथपुरम में होली मिलन व सम्मान समारोह मनाया। जिलाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि राष्टीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष गिरीश कुमारजी गर्ग, विशिष्ठ अतिथि राजेश कृष्ण बिड़ला, प्रदेश अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी एवं चेयरमेन नागरिक सहकारी बैंक, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, बीजेपी जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, का जिलाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, महामंत्री रमेशचंद्र गोयल, संदीप चांदीवाला, राष्टीय युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमराज जिंदल, प्रदेश युवाध्यक्ष संन्मती हरकारा, संयोजक ब्रह्मानन्द गर्ग, महिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, महिला महासचिव उमा सिंघल, युवाध्यक्ष सुमित जैन, युवा महामंत्री लोकेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष टी सी गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, मयंक अग्रवाल आदि अग्रबन्धुओं ने भव्य स्वागत व सम्मान किया।

## मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए 17 विभागों को कार्य आवंटित किए

कोटा 8 अप्रेल। आगामी बारीश के मौसम में मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया आदि के प्रसार की संभावना को देखते हुए इसे रोकने के लिए जिला कलक्टर डॉ रविन्द्र गोस्वामी ने 17 विभागों को कार्य आवंटित किए है। उन्होने विभागों को लिखे पत्र में उल्लेख किया कि प्रदेश में वर्तमान समय में मच्छर जनित रोगों डेंगू, मलेरिया के प्रसार की स्थिति देखी जा रही है जिससे आशंका प्रतीत होती है कि बारिश के समय इन रोगों का अत्यधिक प्रसार हो सकता है। भारत सरकार द्वारा भी इस वर्ष मच्छर जनित रोगों विशेषतौर पर डेंगू के प्रसार की संभावना व्यक्त की गई है। मानसुन से पूर्व मच्छरों के घनत्व को कम कर दिया जाये तो बारिश में इन रोगो के अपेक्षित प्रसार को कम करके प्रभावी बचाव एवं नियंत्रण कार्यवाही संभव है। इसके लिए अर्न्तविभागीय समन्वय के माध्यम से विभागों से आवंटित कार्य करवाया जाना है। इसलिए इस अवधि के दौरान मच्छरों की ट्रांसमिशन श्रृंखला को तोड़ने के लिए मच्छररोधी गतिविधियां करवाने के साथ-साथ जन सहभागिता के माध्यम से हर रविवार मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया पर वार अभियान चलाये जाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये।

## महर्षि गौतम जयंती पर आज भव्य शोभा यात्रा

देश की धरती । कोटा 8 अप्रेल । श्री महर्षि गौतम विकास समिति कोटा महानगर दक्षिण पश्चिम बाह्य क्षेत्र कोटा की ओर से 9 अप्रैल को महर्षि गौतम जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । समिति अध्यक्ष खेमराज गौतम ने बताया कि न्याय शास्त्र के प्रणेता अक्षपाद श्री महर्षि गौतम के प्राकट्य दिवस पर मंगलवार को समाज की ओर से महर्षि गौतम की झांकियो व बैण्ड बाजों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा 5 बजे श्रीनाथपुरम स्थित महर्षि गौतम छात्रावास के भूखंड से रवाना होकर महर्षि गौतम सर्किल से बालाजी मार्केट स्थित महर्षि गौतम सामुदायिक भवन पहुंचेगी, जहां सामुदायिक भवन में स्थित महर्षि गौतम की प्रतिमा की महाआरती व आतिशबाजी की जाएगी । इससे पूर्व दोपहर में श्रीनाथपुरम स्थित भूखंड पर समाज के चुनाव कराए जाएंगे ।

## पर्यवेक्षकों की अध्यक्षता में प्रत्याशियों की बैठक आज

कोटा 8 अप्रेल। लोकसभा आम चुनाव के संबंध में पर्यवेक्षकगण की अध्यक्षता में मंगलवार 9 अप्रेल को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसमें अभ्यर्थियों को निर्वाचन संबंधी विभिन्न जानकारियां एवं प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

## 180 नेत्र रोगियों को नज़र के चश्मे वितरित किये

देश की धरती । अरंडखेड़ा । आज़ाद सेवा फाउंडेशन की ओर से सोमवार को आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर में 180 नज़र के चश्मे वितरित किये गए। उक्त दृष्टि दोष पीड़ितों की जांच एक माह पूर्व आयोजित शिविर में की गई थी। फाउंडेशन के निदेशक दिनेश मलिक ने बताया कि शिविर के दौरान 50 नेत्र रोगियों की जांच की गई। इनमें से पांच मोतियाबिंद पीडितों के ऑपरेशन नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुधीर गुप्ता ने किए। शेष 45 रोगियों को आगामी शिविर में नज़र के चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे।

# जेसीआई का इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित



**देश की धरती ।** कोटा 8 अप्रेल । जेसीआई कोटा उड़ान ने जेसीआई कोटा स्टार और जेसीआई कोटा डायमंड्स के संयुक्त तत्वावधान में इफेक्टिव पब्लिक स्पीकिंग ट्रेनिंग (ईपीएस) कार्यक्रम सोमवार को छावनी स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुआ। ट्रेनिंग प्रोग्राम में 20 मेंबर्स ने भाग लिया, जिन्हें नेशनल ट्रेनर ख्याति भंडारी और जोन ट्रेनर मेघना शर्मा ने प्रशिक्षण दिया। अध्यक्ष नेहा जैन ने बताया की ईपीएस जेसीआई के ट्रेनिंग में आगे बढ़ने के लिए पहली सीढ़ी है और साथ ही यह आत्मविश्वास देता है की कैसे हम अपने मन की बात को दूसरों तक बेहतर तरीके से पहुंचाए और समझाए। मंडल अध्यक्ष विभोर लोढा की उपस्थिति में सभी सदस्य को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ खुशबू जाजू व अनुज माहेश्वरी ने सभी का अभिवादन किया। जेसी रोहिता माहेश्वरी, डॉक्टर गर्वित, डॉक्टर निपुण खुशबू बागरेचा व केशव आदि सदस्य ने ट्रेनिंग ली और काफी सराहा।

# सोमवती अमावस पर संपन्न हुए दो नेत्रदान

**देश की धरती ।** कोटा 8 अप्रेल । बीते दो दिनों से संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के माध्यम से देर रात में दिवंगत देवलोकगामियों के नेत्रदान का कार्य संपन्न किया जा रहा है । बीती रात देवाशीष सिटी बोरखेड़ा निवासी श्रेयांश और सिद्धार्थ के पिता कैलाश चंद जैन का आकस्मिक निधन हुआ । दोनों भाइयों और बहन श्रद्धा माताजी विजय जैन की सहमति से नेत्रदान के लिए ज्योति मित्र सुरेश जैन को संपर्क किया गया । सभी की सहमति पर शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से नेत्रदान का कार्य संपन्न हुआ । इसी क्रम में विज्ञान नगर निवासी सुचिता सचिन, पुनीत अग्रवाल की माताजी स्नेहा प्रभा अग्रवाल का हृदयघात से आकस्मिक निधन हुआ । उनके दोनों भाई कुलदीप राज और इंद्रराज ने परिवार के सभी सदस्यों से सहमति कर देर रात 1¬00 बजे अपनी बहन स्नेह प्रभा का नेत्रदान का कार्य संपन्न करवाया । ज्ञात हो कि एक दिन पहले शनिवार रात को भी संस्था के सहयोग से देर रात 2 बजे महावीर नगर विस्तार योजना निवासी कन्हैयालाल माधवानी का और घटोत्कच सर्किल के पास, रजत सिटी निवासी सत्यप्रकाश शारदा का नेत्रदान संपन्न हुआ था ।





## साझा काव्य संग्रह कृति प्रेम पुष्प का विमोचन

**देश की धरती ।** कोटा 8 अप्रेल । समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत, अंतर्राष्टीय संस्था, गांधी नगर, गुजरात के राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय के सभागार में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में देश के 64 रचनाकारों की ÷प्रेम पुष्प साझा काव्य संग्रह÷ कृति का विमोचन किया गया और रचनाकारों का ÷प्रेम पुष्प साहित्य भूषण सम्मान ÷ से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के ट्रस्टी विख्यात साहित्यकार और ज्योतिषी प.प्रेम शंकर व्यास % पंकज % की और मुख्य अथिति उप वन संरक्षण तरुण मेहरा रहे। संस्थान के राष्टीय संयोजक एवं संस्थापक डॉ. मुकेश कुमार व्यास % स्नेहिल % ने अपने उद्बोधन में संस्थान का परिचय देते हुए बताया की इसका उद्देश्य नवांकुर लेखकों को मंच प्रदान कर आगे बढ़ाना हैं। स्वागत करते हुए पुस्तकालय के संभागीय पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ.दीपक कुमार श्रीवास्तव ने सभी का परिचय देते हुए रचनाकारों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने पुस्तकालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय पुस्तक मेला और साहित्य समारोह में सहयोग के लिए ÷के.एल.एफ. इंटरनेशनल लिटरेरी अवार्ड -2024 ÷ को प्रदान कर डॉ.मुकेश कुमार व्यास ÷स्नेहिल÷ का सम्मान किया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व संयुक्त निदेशक जनसंपर्क विभाग राजस्थान सरकार डॉ. प्रभात कुमार सिंघल की।

# बाल विवाह निषेध अभियान के लिए दिए निर्देश

**देश की धरती ।** कोटा 8 अप्रेल । जिले में बाल विवाह निषेध अभियान का क्रियान्वयन माह अप्रेल से मई एवं माह नवम्बर से फरवरी 2024 तक किया जाएगा। अभियान के दौरान बाल विवाह रोकथाम के लिए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देश प्रदान किए गए हैं। अतिरिक्त कलक्टर सीलिंग ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देश हैं कि समस्त बाल विवाह निषेध अधिकारी उपखण्ड मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 एवं बाल विवाह निषेध नियम 2007 के तहत विधिक कार्यवाही संपादित करेंगे। बाल विवाह रोकथाम के लिए जिले के सभी क्षेत्रों में कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे जो 24 घंटे क्रियाशील रहेंगे तथा सूचना मिलने पर तत्परता से कार्यवाही करेंगे। स्थापित किए गए कंट्रोल रूम के संपर्क नम्बर एवं राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण की लीगल एड हेल्पलाईन नम्बर 15100 का भी व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए साथ ही सोशल मीडिया तथा डिजिटल माध्यमों का इस अभियान के प्रचार-प्रसार में उपयोग किया जाए।

## स्वामीनारायण मंदिर में प्रथम स्थापना दिवस मनाया

देश की धरती । कोटा 8 अप्रेल । बारां रोड़ स्थित भगवान स्वामी नारायण मंदिर का प्रथम स्थापना दिवस प.पू.ध.धु.आचार्य 1008 श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराज के सानिध्य मे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया । सदस्य एवं प्रवक्ता जी डी पटेल ने बताया कि प्रथम स्थापना दिवस पर देश के विभिन्न कोने से 21 से अधिक संतों ने मंदिर में उपस्थित होकर विधिविधान से पट्टाभिषेक के कार्यक्रम को सम्पन्न किया । मुनि स्वामी मे बताया कि स्थापना दिवस पाटोत्सव महोत्सव महा अभिषेक व छप्पन भोग के साथ मनाया गया । महाअभिषेक और अन्न कूट दर्शन महोत्सव में बडी संख्या में हरिभक्त उमड़े । मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया ।

## सैनिक/भूतपूर्व सैनिकों की पुत्रियों के लिए छात्रावास सुविधा

देश की धरती । कोटा 8 अप्रेल । जिला सैनिक कल्याण द्वारा सेवारत सैनिकों/भूतपूर्व सैनिकों की पुत्रियों के लिए जो कि कोटा के कोचिंग संस्थान में मेडिकल, इंजीनियरिंग इत्यादि में प्रवेश के लिए कोचिग कर रही है उनको राज्य सरकार की निर्धारित न्यूनतम दर पर कोटा में आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रविन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सैनिक कल्याण विभाग राजस्थान, जयपुर द्वारा कोटा में गर्ल्स हॉस्टल प्लाट नं. 33-35 बीएसएनएल सर्किल, पानी की टंकी के पास आर.के. पुरम सेक्टर बी में निर्धारित न्यूनतम दर पर आवास 600 रूपये प्रतिमाह, विद्युत 150 रूपये प्रतिमाह तथा पानी 50 रूपये प्रतिमाह की दर से संचालित है । संस्था कड़ी सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अनुशासन भी कायम रखती है । जिसके लिए 24 घंटे एक महिला वार्डन एवं 3 सुरक्षा गार्ड भी तैनात रहते हैं । उन्होंने बताया कि शेक्षणिक सत्र 2024-25 में छात्रावास में प्रवेश के लिए इच्छुक छात्राएं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जेके लोन हॉस्पिटल के सामने नयापुरा, कोटा में आवेदन कर सकती है । संख्या सीमित है इसलिए 'पहले आओ पहले पाओ' के आधार पर प्रवेष मिलेगा । अधिक जानकारी के लिए इस कार्यालय से सम्पर्क करें ।

## प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित

कोटा 8 अप्रेल। कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में चुनाव लड़ रहे 15 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। रिटर्निंग अधिकारी कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की उपस्थिति में प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी ओम बिरला को कमल, बहुजन समाज पार्टी के धनराज यादव को हाथी, इंडियन नेशनल काँग्रेस के प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल को हाथ, एकम सनातन भारत दल के आशीष योगी को हीरा, राईट टू रिकॉल पार्टी के तरूण गोचर को प्रेशर कुकर, भारतीय जवान किसान पार्टी के बलदेव सिंह फौजी को उपहार, निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल आसिफ को ऑटो रिक्शा, ओमप्रकाश शाक्यवाल को बेबी वॉकर, कमल कुमार बैरवा को सेब, कैलाशी अनिल जैन को फोन चार्जर, भंवर कुमार रावल को बांसुरी, मोईनुद्दीन को प्रेस, रामनाथ मेहरा को अलमारी, लक्ष्मीचंद को गुब्बारा एवं सत्येन्द्र कुमार जैन को सितारा चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है।

## 14 व 21 अप्रेल को बांटी जाएगी मतदाता पर्ची

कोटा 8 अप्रेल। लोकसभा आम चुनाव-2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा सघन प्रयास किए जा रहे हैं, इसके तहत प्रत्येक मतदाता तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचकर मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका देकर मतदान दिवस पर मतदान के लिए आमंत्रित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि द्वितीय चरण के मतदान के लिए 14 एवं 21 अप्रेल को सघन अभियान चलाकर मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका वितरित की जाएगी। इस चरण के लिए 21 अप्रेल तक वितरण पूर्ण कर लिया जाएगा। 'आओ बूथ चले' अभियान के तहत मतदान केंद्रों पर मतदाता मार्गदर्शिका और मतदाता पर्ची के वितरण सहित अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

# ओल्ड ब्यॉज एसोसिएशन का होलिका मिलन समारोह संपन्न

**देश की धरती । कोटा 8 अप्रेल ।** राजकीय महाविद्यालय, कोटा के पूर्व छात्र परिषद का होली मिलन समारोहपूर्वक सम्पन्न हुआ। राजकीय महाविद्यालय, कोटा की गौरवशाली व गरिमामय परंपरा का पालन करते हुए यह समारोह महाविद्यालय परिसर मे स्थित ऐतिहासिक सभागार (प्राध्यापक-कक्ष) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व छात्र पी.सी.पवन (सेवानिवृत्त आई.ए.एस.) और डॉ.राकेश कुमार जायसवाल (सेवानिवृत्त आई.ए.एस.) रहे और अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.प्रतिमा श्रीवास्तव ने की। पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष भगवती वल्लभ शर्मा, सचिव डॉ.नवीन मित्तल, पूर्व छात्र परिषद के संरक्षक ओम मंत्री एवं कर्नल रघुराज सिंह भी मंचासीन रहे। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि पी.सी पवन ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय में अध्ययन की स्मृतियाँ आज भी मानस पटल पर है। होली मिलन के इस अवसर पर फिल्मी गीत भी प्रस्तुत किया। होली मिलन समारोह के अवसर पर एक कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें कोटा नगर के ख्यातनाम गीतकार भगवत सिंह ÷मयंक÷, सुप्रसिद्ध ग़ज़लकार कृष्णा ÷कमसिन÷ और महाविद्यालय में सह आचार्य डॉ.रामावतार मेघवाल ÷सागर÷ ने अपने सुपरिचित अंदाज में गीत-ग़ज़लों का पाठ किया । कार्यक्रम में स्वागत भाषण परिषद के अध्यक्ष भगवती वल्लभ शर्मा ने दिया और गत वर्ष का होली मिलन प्रतिवेदन परिषद के सचिव डॉ.नवीन मित्तल ने प्रस्तुत किया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## नक्सली नासूर पर नियंत्रण, निकालना होगा व्यवहारिक उपाय

तमाम प्रयासों के बावजूद छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना चुनौती बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर वहां नक्सली सक्रिय हो उठते और सुरक्षाबलों को चुनौती देते रहते हैं। अब तक वे बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों, राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। अभियान चला कर सुरक्षाबलों ने भी अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। उसी का नतीजा है कि बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दस नक्सली मारे गए। यह निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया। मगर वहां किस तरह नक्सली नासूर को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा, इसका दावा करना मुश्किल बना हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से पार पाने के लिए कठोर से कठोर दमन का रास्ता आजमा चुकी हैं, पर उनका मनोबल तोड़ पाने में विफल ही रही हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर शुरू में सरकार और नक्सली नेताओं के साथ बातचीत के प्रयास भी हुए, पर उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। फिर सरकार ने आदिवासियों के भीतर से ही नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह और दमन की रणनीति बनाई, पर वह भी कामयाब नहीं रही। उससे खून-खराबा जरूर कुछ अधिक बढ़ गया था। लंबे समय से अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। नक्सली समूहों को मिलने वाली वित्तीय मदद, साजो-सामान आदि की पहुंच रोकने और स्थानीय लोगों से उनकी दूरी बढ़ाने के भी प्रयास होते रहे हैं, पर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब तक इसका कोई व्यावहारिक उपाय नहीं निकाला जाता, इस समस्या पर काबू पाना कठिन बना रहेगा।

## बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक

(ललित गर्ग)

आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले युवा नेता चिराग पासवान इन दिनों बिहार की राजनीति में लाइमलाइट में हैं। राजनीतिक कौशल एवं प्रभावी रणनीति के तहत तेजी से अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूती देते हुए बिहार की राजनीति का 'चिराग' संभावना का वाहक बन रहा है। चिराग पासवान सक्षम जनप्रतिनिधि के साथ-साथ मौलिक सोच एवं संवेदनाओं के प्रतीक हैं। उन्हें सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर प्रासंगिक एवं अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनाने एवं अपनी उपस्थिति का अहसास कराने का छोटी उम्र में बड़ा अनुभव है जो भारतीय राजनीति के लिये शुभता का सूचक है। लोकतंत्र का सच्चा जन-प्रतिनिधि वही है जो अपनी जाति, वर्ग और समाज को मजबूत करने के साथ देश को मजबूत करें। 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' की लड़ाई लड़ने वाले चिराग 14 करोड़ बिहारियों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये प्रतिबद्ध है। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 चिराग का सशक्त एवं उम्मीदभरा राजनीतिक भविष्य उजागर करते हुए बिहार के शीर्ष नेतृत्व की ओर अग्रसर करे तो कोई आश्चर्य नहीं। इस बात के संकेत इनदिनों की बिहार की राजनीति गतिविधियों से मिलने लगे हैं। गतदिनों भाजपा मुख्यालय से विनोद तावड़े ने बिहार के एनडीए गठबंधन में सीट शेयरिंग का अपना फॉर्मूला सार्वजनिक किया, जिसमें भाजपा को 17 सीटें, जदयू को 16 सीटें तो चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा (रामविलास) के खाते में 5 सीटें गई। वहीं उपेंद्र कुशवाह और जीतनराम मांझी की पार्टी को एक-एक सीट दी गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास की एक बड़ी तस्वीर सामने आई, जिसमें नीतीश चिराग के कंधे पर हाथ रखे आशीर्वाद की मुद्रा में दिखाई दे रहे हैं। इसी तरह का एक चित्र पहले चर्चित हुआ जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चिराग की पीठ थपथपाते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी को लेकर अक्सर बड़ी-बड़ी बातें हर किसी मंच से होती रहती हैं लेकिन कोई दल उन्हें प्रतिनिधित्व का मौका नहीं देता क्योंकि उनकी नजर में युवा वोट भर हैं। राजनीतिक दल उनका इस्तेमाल भीड़ और ट्रौलिंग के लिए करते रहते हैं। हालांकि इस मिथक को चिराग ने तोड़ा, 2014 के लोकसभा चुनाव में जमुई सीट पर 80 हजार से ज्यादा मतों से विजयी हुए थे तो एक ही संसदीय दौर में उन्होंने जनता का विश्वास इस कद्र जीता कि 2019 के चुनाव में चिराग ने 5 लाख से ज्यादा वोट हासिल करते हुए लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की। करिश्माई व्यक्तित्व वाले चिराग ने आगामी चुनाव में एनडीए को बिहार में 40 में से 40 सीटें मिलने का दावा किया है। इसमें कोई संदेह भी नहीं है क्योंकि 2019 में जब एनडीए में 3 पार्टियां थी, तब 40 में से 39 सीटें जीती थीं और इस बार 5 पार्टियां हैं और लोगों का उत्साह बताता है कि बिहार में 40 सीटों के साथ एनडीए देश में 400 सीटों के लक्ष्य को आसानी से पार कर लेगा। चिराग पासवान एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा लोक जनशक्ति पार्टी के राजनेता है। वे भारतीय राजनीति में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले दलितों के शीर्ष नेता एवं लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के संस्थापक रामविलास पासवान के पुत्र हैं। चिराग ने न केवल बिहार की राजनीति में बल्कि समूची देश की राजनीति में युवा संभावनाओं को उजागर करने की खनक पैदा की है। यह वह आहट है जो भारत की राजनीति को एक नयी दिशा एवं दृष्टि प्रदत्त करेंगी। क्योंकि चिराग वोट की राजनीति के साथ-साथ सामाजिक उत्थान की नीति के चाणक्य है। वे रोजगार के नाम से एक एनजीओ भी चलाते हुए बिहार के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार दिलाने की मुहिम को संभव किया है। 'चिराग का रोजगार' एक मौलिक सोच की निष्पत्ति है और चिराग भारत की राजनीति में एक मौलिक सोच के प्रतीक नेता के रूप में उभर रहे हैं और मौलिकता अपने आप में एक शक्ति होती है, जो व्यक्ति की अपनी रचना होती है एवं उसी का सम्मान होता है। संसार उसी को प्रणाम करता है जो भीड़ में से अपना सिर ऊंचा उठाने की हिम्मत करता है, जो अपने अस्तित्व का भान कराता है। मौलिकता की आज जितनी कीमत है, उतनी ही सदैव रही है। जिस व्यक्ति के पास अपना कोई मौलिक विचार या कार्यक्रम है तो संसार उसके लिए रास्ता छोड़कर एक तरफ हट जाता है और उसे आगे बढ़ने देता है। मौलिक विचार तथा काम के नये तरीके खोज निकालने वाला व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र की बड़ी रचनात्मक शक्ति होता है अन्यथा ऐसे लोगों से दुनिया भरी पड़ी है जो पीछे-पीछे चलना चाहते हैं और चाहते हैं कि सोचने का काम कोई और ही करे। चिराग ने भारत की राजनीति में युवा पीढ़ी के लिए कुछ नया सोचा है, कुछ मौलिक सोचा है, तो सफलता निश्चित है। वे इसी सोच से प्रदेश की राजनीति से केन्द्र की राजनीति की ओर अग्रसर होकर सफल नेतृत्व देने में सक्षम साबित होंगे, इसमें कोई संदेह नहीं है। लोजपा अब पूरी तरह युवाओं के हाथ में है। चिराग युवा हैं, सक्षम है, प्रखर वक्ता है, कुशल संगठनकार एवं प्रबन्धक हैं और विगत में उन्होंने अनेक अवसरों पर अपनी इन क्षमताओं के साथ-साथ निर्णायकता साबित की है। कई मौकों पर यह बात सामने आई है कि बिहार के साथ-साथ केंद्रीय राजनीति के दांव-पेच और समीकरणों को भी वह अच्छी तरह जानने-समझने लगे हैं। हालांकि उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती दलित राजनीति के अगले ध्वजवाहक बनने और अपने लक्षित मतदाता समूह में पिता जैसी स्वीकार्यता पाने की होगी। चिराग नई लकीर खींचने में पारंगत है, वे अपने पिता की प्रतिछाया ही न बनकर कुछ नये प्रतिमान स्थापित करेंगे, राजनीति की नई परिभाषाएं गढ़ेंगे। क्योंकि वे विपरीत स्थितियों में सामंजस्य स्थापित करके भरोसा और विश्वास का वातावरण निर्मित करने में दक्ष है। युवापीढ़ी और उनके सपनों का मूर्च्छित होना और उनमें निराशा का वातावरण निर्मित होना- एक सबल एवं सशक्त राष्ट्र के लिये एक बड़ी चुनौती है। चिराग ने यह अनुभव किया, यह उनकी सकारात्मक राजनीति एवं मानवतावादी सोच का ही परिणाम है।

> *चिराग इस मामले में अन्य क्षत्रप या नेता पुत्रों से थोड़ा अलग इसलिए भी हैं कि उनका नजरिया और अंदाज भविष्योन्मुखी और विकासवादी प्रतीत होता है। यही कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी चिराग में राजनीतिक संभावनाओं को गहराई से समझा है। इन सबके बावजूद यक्ष प्रश्न यह है कि क्या चिराग अपने पिता की दलित राजनीति की विरासत को कोई नया आयाम दे पाएंगे। या फिर वह इस विरासत से इतर मुख्यधारा की राजनीति में अपनी काबिलियत दिखाएंगे।*

## राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान, टिप्पणियां अनुचित

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका, जर्मनी और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों की टिप्पणियों पर भारत सरकार ने सख्त एतराज जताया था। अब विदेशमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगाह किया है कि उन्हें भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से परहेज करना चाहिए, नहीं तो इसका बहुत कड़ा जवाब मिलेगा। आमतौर पर अपेक्षा की जाती है कि हर राष्ट्र दूसरे राष्ट्र की संप्रभुता का सम्मान करे और उनके आंतरिक मामलों में दखल देने से परहेज करे, मगर अक्सर देखा जाता है कि कमजोर देशों के मामलों में ताकतवर देश हस्तक्षेप करने का प्रयास करते हैं। इसी आदत के चलते जर्मनी, अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने भारत सरकार को लोकतांत्रिक मूल्यों का पाठ पढ़ाने की कोशिश की थी। ऐसा नहीं माना जा सकता कि उन राजनयिकों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि भारत किस कदर भ्रष्टाचार और धनशोधन संबंधी मामलों को लेकर गंभीर है। ऐसे मामलों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाता है। फिर भी उन्होंने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी की तो उससे यही जाहिर हुआ कि वे भारत के विपक्षी दलों के सुर में सुर मिला रहे हैं। उनकी टिप्पणियों से विपक्षी दलों को सरकार की आलोचना करने का आधार मिल गया था। यह ठीक है कि यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री को पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया। उस गिरफ्तारी में समय के चुनाव को लेकर भी सवाल उठे, क्योंकि तब तक आम चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी थी। इस तरह चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समान सुविधाएं और अवसर उपलब्ध कराने का सैद्धांतिक पक्ष बाधित नजर आने लगा। मगर इस पर नजर रखने और कार्रवाई करने का अधिकार भारत के निर्वाचन आयोग और अदालतों को है, न कि संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका या जर्मनी के किसी राजनयिक को। यह भी ठीक है कि हर देश अपने राजनयिकों के जरिए दूसरे देशों की राजनीतिक गतिविधियों पर नजर रखता, वहां के चुनावों की खोज-खबर लेता रहता है।

## स्थानीय मुद्दों में मगन पूर्वोत्तर

**(वंदन कुमार शर्मा, प्रोफेसर, तेजपुर विश्वविद्यालय, असम)**

पूर्वोत्तर राज्यों की कुल 25 लोकसभा सीटों पर चुनावी सरगरमी बढ़ गई है। यहां शुरुआती तीन चरणों में ही मत डाले जाएंगे। सबसे ज्यादा नजर असम पर है, जो 14 सांसदों को लोकसभा भेजता है। इसके बाद मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश से दो-दो सांसद चुने जाते हैं। नगालैंड, मिजोरम और सिक्किम के खाते में महज एक-एक सीट है। असम को छोड़कर यहां के सभी राज्यों में यह खास प्रवृत्ति देखी जाती है कि जिस पार्टी की केंद्र में सरकार रहती है, राज्यों में उसी का दबदबा रहता है। संसदीय चुनावों में यहां के स्थानीय दल राष्ट्रीय पार्टियों को समर्थन देते हैं, बदले में राष्ट्रीय पार्टियों का साथ लेकर वे विधानसभा में सत्तासीन होते हैं। फिलहाल, असम, मणिपुर और त्रिपुरा में भाजपा की सूबाई सरकार है, जबकि नगालैंड और मेघालय में उसके सहयोगी दलों की। मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट की सरकार है, जो कांग्रेस को समर्थन दे सकती है, तो सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में आम चुनाव के साथ ही विधानसभा के लिए भी वोट डाले जाएंगे। बहरहाल, पूर्वोत्तर के राज्यों में राष्ट्रीय मुद्दे प्रभावी तो हैं, लेकिन उससे ज्यादा स्थानीय मुद्दे मतदाताओं को लुभाते दिख रहे हैं। यहां निर्विवाद रूप से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर ज्यादा चर्चा हो रही है। इसके खिलाफ पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में पहले काफी विरोध-प्रदर्शन हो चुके हैं, लेकिन सच यह भी है कि जो नेता उस समय आंदोलन की अगुवाई करते थे, उनमें से कई अब सत्ताधारी दल के साथ गठजोड़ बना चुके हैं। इतना ही नहीं, टिपरा मोथा जैसी पार्टी खुलकर सीएए के खिलाफ थी, लेकिन अब एनडीए का हिस्सा बन चुकी है। एनडीए की सहयोगी होने के बावजूद असम गण परिषद और नेशनल पीपुल्स पार्टी भी सीएए के खिलाफ मुखर थीं, लेकिन अब कुछ हद तक यह मामला शिथिल पड़ गया है। हालांकि, स्थानीय लोग अब भी मानते हैं, यह कानून स्थानीय जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ सकता है। मणिपुर हिंसा की ताप अब तक महसूस की जा रही है। अनवरत जारी अस्थिरता ने स्थानीय मैइती समुदाय को भी खासा नाराज किया है और वे खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर करने लगे हैं। बाहरी मणिपुर हिंसा से काफी ज्यादा प्रभावित हुआ है। वहां आपूर्ति शृंखला को बहाल करने की चुनौती बनी हुई है। अमन-चैन लाने के साथ-साथ म्यांमार से आते हुए शरणार्थियों का समाधान ढूंढ़ना भी यहां का बड़ा मुद्दा है। उखरुल, तमेंगलोंग जैसे पहाड़ी इलाके भी इस अस्थिरता से प्रभावित हुए हैं। यहां के लोग कुकी समस्या का समाधान भी चाह रहे हैं। इस हिंसा का असर मिजोरम पर भी पड़ा है। यहां बेशक एक ही सीट है, लेकिन मिजो नेशनल फ्रंट का मिजाज एनडीए से जुदा दिख रहा है। म्यांमार से मुक्त आवागमन संबंधी व्यवस्था, यानी एफएमआर को खत्म करने का एलान भी चुनाव में छाया हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया था कि म्यांमार से लगी सीमा की बाड़ेबंदी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत और म्यांमार अपनी 1,643 किलोमीटर सीमा साझा करते हैं, दोनों तरफ के लोगों के बीच पारिवारिक रिश्ते को देखते हुए निर्बाध आवागमन की व्यवस्था की गई थी, जिसके तहत शुरू में 40 किलोमीटर तक आने-जाने की व्यवस्था की गई, जिसे 2004 में घटाकर 16 किलोमीटर कर दिया गया। म्यांमार की यह सीमा मिजोरम (510 किलोमीटर) के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश (520 किलोमीटर), नगालैंड (215 किलोमीटर), मणिपुर (398 किलोमीटर) से भी लगती है। अरुणाचल प्रदेश में स्थानीयता बनाम बाहरी जैसे मसले भी चर्चा में है। इसी कारण यहां आदिवासी व ईसाई एक-दूसरे के खिलाफ खड़े दिखते हैं। बड़े-बड़े बांधों की भी यहां चर्चा हो रही है, लेकिन ये चुनाव पर शायद ही असरंदाज होंगे। यह सही है कि पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में ढांचागत विकास काफी हुआ है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है और आपको पैसे कमाने के लिए काफी दौड़भाग करनी पड़ सकती है। धर्म आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मांगलिक कार्य में बीतेगा।

### वृष

आज शाम तक आप कोई बड़ी डील कर सकते हैं। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी। आज चंद्रमा आपको शुभ फल देंगे। आज बिजनस के मामले में कोई बड़ी डील फाइनल कर सकते हैं। आपको ऑफिस से अच्छे काम के लिए विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास का योग अच्छा है। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

### मिथुन

आज का दिन आर्थिक मामलों में लाभ देने वाला होगा। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव न हो इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें।

### तुला

आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी यात्रा से मन को सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में विजय प्राप्त होगी और स्थान परिवर्तन की योजना से आपको लाभ होगा। दिन के उत्तरार्द्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

### वृश्चिक

आज काफी क्रिएटिव है और आपको हर कार्य में सफलता मिलेगी। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात्रि में कहीं जरूरी कार्य के लिए अचानक से जाना पड़ सकता है।

### धनु

आज का दिन काफी रचनात्मक है और आपको कोई कार्य पूर्ण करने में लाभ होगा। किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

### कर्क

आज का दिन सफलता से भरा होगा और आपकी सभी कार्य योजनाएं सफल होंगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। मौसम परिवर्तन से शीतोष्ण विकार उत्पन्न हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद बीतेगा और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है।

### सिंह

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी सभी कार्य योजनाएं सफल होंगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं।

### कन्या

आज का दिन सामान्य है। साझे में किए काम में आपको व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े और उनके करियर में कोई ऐसा मोड़ आए कि आपको उनकी मदद करना जरूरी हो।

### मकर

आज का दिन लाभ देने वाला है। आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी और पैसों से जुड़ी योजनाएं पूर्ण होंगी। आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा कर सकते हैं।

### कुंभ

आज आर्थिक मामलों में कुछ परेशानी और समस्या का सामना करना पड़ सकता है। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए प्रयास करते रहें तो आपको सफलता मिलेगी। परिवार में सुख शान्ति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी और व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। काम में नई जान आएगी और आपको लाभ होगा।

### मीन

आज का दिन हर काम को सावधानी और सतर्कता से करने का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाएं तो आपको फायदा होगा। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानकर लाभ हासिल कर सकते हैं।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5334


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 8 | | | 6 | 4 | | |
| | | 6 | | 9 | | 8 | | 7 |
| 5 | | | | | | | | |
| 2 | 6 | 9 | 5 | | | | 8 | |
| | | | 4 | | 9 | | | |
| | 8 | | | | 2 | 7 | 9 | 1 |
| | | | | | | | | 5 |
| 6 | | 4 | | 7 | | 2 | | |
| | | 1 | 2 | | | 9 | | 3 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5333

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 8 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 4 | 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 3 |
| 3 | 2 | 7 | 4 | 6 | 1 | 5 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 2 |
| 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 7 |

## वर्ग पहेली 5334



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 01 मई 1960 को भाषाई संघर्ष के कारण बंबई (अब मुंबई) राज्यों का बंटवारा कर महाराष्ट्र एंव इस राज्य की स्थापना की गई (4)
5. 26 अप्रैल 1975 को भारत में इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया (3)
7. चुनौती (4)
8. दुर्दशा, दुर्गति (4)
10. रिवाज, रस्म, प्रथा (2)
11. हिम्मत, पराक्रम, वीरता (3)
13. दफा, मर्तबा, मदिरालय, मयकदा (2)
14. दी गई उपाधि को यह भी कहा जाता है (3)
16. छोर, किनारा, राजा भोज की नगरी (2)
17. संख्या सूचक अंक, अदद, गणना, संख्या (3)
19. राजा या सम्राट को यह भी कहा जाता है (2)
20. वह क्रिया जिसमें यह पता चलता है कि किसी अंक को एक से अधिक बार जोड़ने पर कितना प्राप्त होता है (2)
21. नजदीक, करीब, निकट (2)

**ऊपर से नीचे**

1. ये भारत के पहले कार्य वाहक प्रधानमंत्री बने (8)
2. वारि, आब, पंचतत्वों में से एक (2)
3. पूर्णिमा की रात को यह भी कहा जाता है (2)
4. पक्षपाती, हिमायती, समर्थक (5)
5. सेनापति, सेनानी, सेनाध्यक्ष, कमांडर (6)
6. मेघ से संबंधित एक नक्षत्र (2)
9. आवृत्ति, स्तर, सतह (2)
12. हकीकत, सत्यता, यथार्थ (2)
13. यह भारत का प्रथम मुगल सम्राट था (3)
15. अन्य रंग के धब्बों वाला, चितकबरा (3)
16. गुमान, मान्यता, विचार, समझ (3)
18. इस देश को यूनान भी कहा जाता था जिसकी राजधानी एथेंस है (2)

### वर्ग पहेली 5333 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | पा | न | | | बे | त | वा |
| फ | ल | दा | य | क | | ब | म |
| रा | | र | ह | मा | न | | ह |
| न | न | द | | ई | | ह | स्त |
| | या | | म | | जा | वा | |
| श | रा | फ | त | | त | म | क |
| रा | स्ता | | ल | ता | | ह | |
| बी | | क | बी | र | | ल | क्ष्य |



# गुड़ी पड़वा कैसे और क्यों मनाते हैं लोग? क्या है परंपरा

हिन्दू धर्म में गुड़ी पड़वा का त्योहार हर साल चैत्र महीने के पहले दिन बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है. इस दिन को उगादि के नाम से भी जाना जाता है. नववर्ष 2024 में गुड़ी पड़वा 09 अप्रैल 2024, दिन मंगलवार को मनाया जाएगा. हिंदू धर्म में नववर्ष की शुरुआत चैत्र मास से होती है. महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष को गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है. बता दें कि गुड़ी का अर्थ है ध्वज यानी झंडा और प्रतिपदा तिथि को पड़वा कहा जाता है. इसके अलावा यह दिन फसल दिवस का प्रतीक भी माना जाता है. इस दिन भगवान विष्णु व ब्रह्मा जी की पूजा भी की जाती है. लोग इस दिन घर को रंगोली, फूल-माला आदि से सजाते हैं और कई तरह के पकवान बनाते हैं. गुड़ी पड़वा के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले स्नान आदि के बाद विजय के प्रतीक के रूप में घर में सुंदर गुड़ी लगाती हैं और उसका पूजन करती हैं. यह पर्व विशेष तौर पर कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश में मनाया जाता है.

## गुड़ी पड़वा शुभ मुहूर्त

गुड़ी पड़वा की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल 2024 को रात 11.50 बजे से शुरू होगी और प्रतिपदा तिथि 09 अप्रैल 2024 को शाम 08.30 बजे समाप्त होगी. उदयातिथि के हिसाब से गुड़ी पड़वा का पर्व 9 अप्रैल को ही मनाया जाएगा.

## ऐसे मनाया जाता है गुड़ी पड़वा

- गुड़ी पड़वा के दिन लोग अपने घरों की सफाई कर रंगोली और आम या अशोक के पत्तों से अपने घर में तोरण बांधते हैं.
- घर के आगे एक झंडा लगाया जाता है जिसे गुड़ी कहा जाता है.
- एक बर्तन पर स्वस्तिक बनाकर उस पर रेशम का कपड़ा लपेट कर रखा जाता है.
- इस दिन सूर्यदेव की आराधना के साथ ही सुंदरकांड, रामरक्षास्त्रोत और देवी भगवती की पूजा-मंत्रों का जप किया जाता है.
- स्वास्थ्य कामना हेतु नीम की कोपल गुड़ के साथ खाई जाती हैं. इससे लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है.
- गुड़ी पड़वा के दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं. एक-दूसरे के घर मिलने के लिए जाते हैं.
- इस पर्व में पूरन पोली और श्रीखंड बनाया जाता है. मीठे चावल भी बनाएं जाते हैं, जिसे शक्कर-भात भी कहा जाता है.
- इस दिन भगवान ब्रह्मा की पूजा की जाती है और लोग गुड़ी फहराते हैं और - गुड़ी फहराने के बाद भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है.

## गुड़ी पड़वा से जुड़ी मान्यता

- पौराणिक कथाओं के अनुसार, गुड़ी पड़वा का दिन सृष्टि की रचना के रूप में मनाया जाता है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन ही भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था. इसलिए इस दिन भगवान ब्रह्मा की पूजा का विशेष महत्व है.



# चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है विशेष

## घर में कलश स्थापना कैसे करें?

देशभर में चैत्र नवरात्रि का पर्व 9 अप्रैल 2024 से मनाया जाएगा. नवरात्र का अर्थ है कि 'नौ विशेष रातें'. इन नौ रातों में देवी शक्ति और उनके नौ रूपों की विशेष पूजा की जाती है. नवरात्रि के पहले दिन घर-घर में घटस्थापना कर व्रत पूजन शुरू किया जाता है. शास्त्रों के अनुसार घटस्थापना का सबसे शुभ समय प्रतिपदा का एक तिहाई भाग बीत जाने के बाद होता है. अगर किसी कारणवश आप उस समय कलश स्थापित न कर पाएं तो अभिजीत मुहूर्त में भी स्थापित कर सकते हैं.

### कैसे करें घर में कलश स्थापना

- नवरात्रि में घटस्थापना हमेशा शुभ मुहूर्त में ही करें क्योंकि ये शक्ति की देवी का अव्हाना है, गलत टाइम पर कलश स्थापना से मां क्रोधित हो जाती है.
- कलश स्थापना जहां स्थापित करना है वहां अच्छे से सफाई कर गंगाजल छिड़करें. उत्तर-पूर्व दिशा यानी ईशान कोण में कलश की स्थापना करें.
- पूजा की चौकी पर लाल कपड़ा बिछाएं अक्षत अष्टदल बनाकर मां दुर्गा की तस्वीर स्थापित करें.
- कलश में पानी, गंगाजल, सिक्का, रोली, हल्दी गांठ, दूर्वा, सुपारी डालें
- कलश में 5 आम के पत्ते रखकर उसे ढक दें. ऊपर से नारियल रखें.
- इसके बाद एक मिट्टी का बर्तन लें और उसमें साफ मिट्टी रखें. अब इसमें कुछ जौ के दाने बो दें और उनपर पानी का छिड़काव करें, इसे चौकी पर स्थापित कर दें. दीप जलाकर गणपति, माता जी, नवग्रहों का आव्हान करें. फिर विधिवत देवी का पूजन करें.
- या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः नवरात्रि के 9 दिनों तक देवी की सुबह शाम आरती करें और इस मंत्र का जाप करें.

### घटस्थापना मुहूर्त

इस साल चैत्र शुक्ल की प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल को देर रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू होगी, ये तिथि अगले दिन यानी 09 अप्रैल को संध्याकाल 08 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होग.
घटस्थापना - 9 अप्रैल 2024
पहला मुहूर्त - सुबह 06 बजकर 02 - 10 बजकर 16
अभिजित मुहूर्त - 11 बजकर 57 - दोपहर 12 बजकर 48

### घटस्थापना के समय बोए जाते हैं जौ

नवरात्रि में कलश के सामने मिट्टी के पात्र में जौ या गेहूं बोए जाते हैं. मान्यता है कि सृष्टि के आरंभ जो सबसे पहली फसल थी वह जौ ही थी, इसलिए इसे पूर्ण फसल कहा जाता है. इतना ही नहीं नवरात्रि में बोए जौ से भविष्य से जुड़ी बातों से संकेत भी मिलते हैं.

### चैत्र नवरात्रि में होगी इन अवतारों का पूजा

चैत्र नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि और मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है।

## इस साल घोड़े में सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

हिंदू पंचांग के अनुसार, साल में कुल 4 नवरात्रि पड़ती हैं जिसमें से दो गुप्त नवरात्रि होती है और 2 शारदीय और चैत्र नवरात्रि होती है। गुप्त नवरात्रि को तंत्र साधना के लिए शुभ माना जाता है। वहीं चैत्र और शारदीय नवरात्रि गृहस्थ लोग रखते हैं।
बता दें कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि आरंभ होती है। देशभर में नवरात्रि का बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा करने का विधान है।

### घोड़े में सवार होकर आएंगी मां दुर्गा

इस साल चैत्र नवरात्रि पर मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आने वाली है। बता दें कि मां के वाहन का चुनाव दिन के हिसाब से किया जाता है। इस साल चैत्र नवरात्रि मंगलवार को शुरू हो रही है। इसलिए मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आ रही है। घोड़े में सवार होने का मतलब है कि सत्ता में परिवर्तन। इसके साथ ही साधकों के जीवन में आने वाले हर कष्टों से निजात मिलेगी।

### चैत्र नवरात्रि का महत्व

नवरात्रि के दौरान मां भगवती और उनके नौ स्वरूपों की पूजा करने का विधान है। मां की विधिवत पूजा करने के साथ व्रत रखने से साधक को हर एक कष्ट से निजात मिल जाती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही हमेशा घर में खुशहाली बनी रहती हैं।

## नवरात्रि पर 5 राजयोग का अद्भुत संयोग

चैत्र नवरात्रि पूरे देश में धूम-धाम से मनायी जाती है। इस चैत्र नवरात्रों में मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आएंगी और हाथी पर सवार होकर प्रस्थान करेंगी। नवरात्रि की शुरूआत जिस दिन से होती है, उस दिन के आधार पर उनकी सवारी तय होती है। इस साल 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं, जो 17 अप्रैल तक चलेंगे। कहा जाता है कि घोड़े पर सवार होकर माता रानी का आगमन शुभ नहीं माना जाता। नवरात्र के नौ दिनों तक पूजा-पाठ में विशेष अनुष्ठान से शुभ फल व अनहोनी के प्रभाव को कम किया जा सकता है।
नवरात्रि में इस बार पांच दिव्य राजयोग का महासंयोग बनेगा। गजकेसरी योग, लक्ष्मी नारायण योग, शश राज योग, बुधादित्य योग और मालव्य राजयोग एक साथ बन रहे हैं। चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। इन दोनों योग का निर्माण सुबह 07 बजकर 32 मिनट से लेकर अगले दिन 10 अप्रैल को सुबह 05 बजकर 06 मिनट तक है। साथ ही चैत्र नवरात्र पर अश्विनी नक्षत्र का भी योग बन रहा है। इन सभी संयोग के बीच मां भगवती की आराधना अति शुभ रहेगी। नवरात्रों का समापन 17 अप्रैल को होगा। हिंदू नववर्ष की शुरूआत और विक्रम संवत की शुरूआत भी मंगल से ही हो रही है। इसलिए संवत के स्वामी मंगल ही रहेंगे। मंगल की वजह से हिंदू वर्ष काफी अग्रेसिव रहेगा। क्योंकि मंगल साहस, पराक्रम, सेना, प्रशासन, सिद्धांत आदि का कारक ग्रह है। राजा मंगल और मंत्री शनि होने के कारण वर्ष उथल-पुथल भरा रहेगा।



# घर में सुख और समृद्धि लाता है गुड़ी पड़वा

हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। महाराष्ट्र में मुख्य रूप से हिंदू नववर्ष जिसे नव-सवंत्सर भी कहा जाता है, गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है। गुड़ी पड़वा का भारत के दक्षिणी राज्यों में उगादी के नाम से भी जाना जाता है। गुड़ी पड़वा दो शब्दों से मिलकर बना है। गुड़ी शब्द का अर्थ होता है विजय पताका और पड़वा का अर्थ होता है प्रतिपदा तिथि से। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी गुड़ी पड़वा के मौके पर लोग अपने घर में विजय पताका के रूप में गुड़ी सजाते हैं और उत्साह के साथ इसे मनाया जाता है। ऐसे मान्यता है कि गुड़ी पड़वा पर्व को मनाने पर घर में सुख और समृद्धि आती है और घर की नकारात्मक ऊर्जाएं खत्म हो जाती हैं। गुड़ी पड़वा से जुड़ी दिलचस्प बातें -

### नव संवत्सर के राजा

09 अप्रैल 2024 से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 की शुरूआत हो रही है। इस नव वर्ष के प्रथम दिन के स्वामी को पूरे वर्ष का स्वामी माना जाता है। हिंदू नववर्ष की शुरुआत मंगलवार से आरंभ हो रही है इस कारण से नए विक्रम संवत के स्वामी मंगलदेव होंगे।

### सृष्टि के निर्माण का दिन

धार्मिक मान्यता के अनुसार गुड़ी पड़वा के दिन ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना का कार्य आरंभ किया था और सतयुग की शुरुआत इसी दिन से हुई थी। यही कारण है कि इसे सृष्टि का प्रथम दिन या युगादि तिथि भी कहते हैं। इस दिन नवरात्रि घटस्थापन, ध्वजारोहण, संवत्सर का पूजन इत्यादि किया जाता है।

### वानरराज बाली पर विजय

रामायण काल में जब भगवान राम की मुलाकात सुग्रीव से हुई तो उन्होंने श्री राम को बाली के अत्याचारों से अवगत कराया। तब भगवान राम ने बाली का वध कर वहां के लोगों को उसके कुशासन से मुक्ति दिलाई। मान्यता है कि यह दिन चैत्र प्रतिपदा का था। इसलिए इस दिन गुड़ी या विजय पताका फहराई जाती है।

### शालिवाहन शक संवत

एक ऐतिहासिक कथा के अनुसार शालिवाहन नामक एक कुम्हार के लड़के ने मिट्टी के सैनिकों की सेना बनाई और उस पर पानी छिड़ककर उनमें प्राण फूँक दिए और इस सेना की मदद से दुश्मनों को पराजित किया। इस विजय के प्रतीक के रूप में शालिवाहन शक संवत का प्रारंभ भी माना जाता है।

### हिंदू पंचांग की रचना का काल

प्राचीन भारत के महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री ने अपने अनुसन्धान के फलस्वरूप सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करते हुए हिंदू पंचांग की रचना की थी। इस दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित कर विक्रम संवत का प्रवर्तन किया था। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था, इसी दिन से रात्रि की अपेक्षा दिन बड़ा होने लगता है।

### भगवान राम लौटे थे अयोध्या

धर्म शास्त्रों की मान्यताओं के अनुसार गुड़ी पड़वा के दिन ही भगवान राम ने रावण का वध करके माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने राज्य अयोध्या लौटे थे।

### पहली बार छत्रपति शिवाजी ने मनाया था यह पर्व

ऐसी मान्यता है कि मुगलों से युद्ध करने के बाद जब मराठों के राजा छत्रपति शिवाजी की जीत हुई थी तब शिवाजी ने पहली बार गुड़ी पड़वा का त्योहार मनाया था। तभी से महाराष्ट्र में सभी लोग इस त्योहार को बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाते आ रहे हैं।

### फसल की पूजा करने का महत्व

गुड़ी पड़वा पर मराठियों के लिए नया हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। इस दिन लोग फसलों की पूजा आदि भी करते हैं।

### नीम के पत्ते खाने की परंपरा

ऐसी परंपरा है कि गुड़ी पड़वा पर लोग नीम के पत्ते खाते हैं। मान्यता है कि गुड़ी पड़वा पर नीम की पत्तियों का सेवन करने से खून साफ होता है और रोगों से मुक्ति मिलती है।

### सूर्यदेव की पूजा का महत्व

गुड़ी पड़वा पर सूर्यदेव की विशेष पूजा आराधना की जा जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो लोग गुड़ी पड़वा पर सूर्यदेव की उपासना करते हैं उन्हे आरोग्य, अच्छी सेहत और सुख- समृद्धि मिलती है।



# झूलेलाल जयंती क्यों मनाई जाती है?

**9 अप्रैल 2024 को सिंधि समुदाय का पर्व चेटी चंड मनाया जाएगा. इस दिन से सिंधी लोगों का नववर्ष शुरू होता है. इसी दिन भगवान झूलेलाल का जन्म हुआ था. भगवान झूलेलाल को वरुण देव भी माना जाता है इससलिए सिंधी लोग इस दिन जल की भी पूजा करते हैं. चेती माह (चैत्र माह) के दौरान चंद्रमा के पहली बार दिखाई देने के कारण इस पर्व को चेटी चंड कहा जाता है. भगवान झूलेलाल कौन हैं, आखिर चेटी चंड के दिन क्यों की जाती है इनकी पूजा.**



सिंधी झूलेलाल के जन्म के सम्मान में चेटी चंद का त्योहार मनाते हैं, जिन्हें उडेरोलाल के नाम से भी जाना जाता है, जो सिंधियों के संरक्षक संत हैं। नए उद्यम शुरू करने के लिए यह दिन बहुत शुभ और अनुकूल माना जाता है। झूलेलाल की पूजा करने के बाद सिंधी समुदाय नृत्य, नाटक, संगीत और लोक कलाओं के माध्यम से अपनी समृद्ध संस्कृति का प्रदर्शन और प्रस्तुति करते हैं।
चैत्र को प्राथमिक महीना माना जाता है जिसे सिंधी समुदाय चेत कहता है। इसके अतिरिक्त, इस पंचांग में प्रत्येक नया महीना अमावस्या यानी चाँद से शुरू होता है; इस प्रकार, उत्सव का नाम सिंधी समुदाय द्वारा चेटी चंद के रूप में जाना जाता है। पूर्णिमा के दिन, लोग किसी नदी या झील पर जाते थे और दूध और आटे के साथ एक चुटकी चावल मिलाकर अखो चढ़ाते थे। यदि कोई नदी या दरिया नहीं है, तो अनुष्ठान एक कुएं पर किया जा सकता है। चेटी चंड महोत्सव की तिथि हिंदू पंचांग के आधार पर निर्धारित की जाती है । इस कैलेंडर के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया यानी सिंधी महीने चेत के दूसरे दिन चेटी चंद मनाया जाता है। इसका मतलब यह है कि यह आमतौर पर ग्रेगोरियन कैलेंडर में मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत में आता है और आम तौर पर गुड़ी पड़वा और उगादि के एक ही दिन या अगले दिन होता है। इस वर्ष चेटी चंड 9 अप्रैल, 2024 को मनाया जाएगा।



### सिंधी नव वर्ष समारोह

यह सिंधियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस दिन वरुण देव सीधी समुदाय को एक शासक की तानाशाही से बचाने के लिए झूलेलाल के रूप में प्रकट हुए थे जो सिंधी संस्कृति और हिंदू धर्म को नष्ट करना चाहते थे। यह जल के देवता की पूजा और धन्यवाद करने का भी दिन है। सिंधी चालीस दिनों तक प्रार्थना करते हैं जिसे चालीहो कहा जाता है। चालिहो के बाद सिंधी चेटी चंद मनाते हैं। वे व्रत भी रखते हैं और पूजा-अर्चना के बाद फल खाकर अपना व्रत तोड़ते हैं। इस दिन कई सिंधी बहराना साहिब ले जाते हैं जिसमें एक तेल का दीपक, क्रिस्टल चीनी, इलायची, फल और आखा होता है जिसे पास की नदी या झील में ले जाया जाता है। उनके पास भगवान झूलेलाल की एक मूर्ति भी है। फिर पांच बत्तियों वाला गेहूं के आटे का दीपक जलाया जाता है जिसे ज्योत जगन कहा जाता है। बेहरानो साहब को पानी में विसर्जित करने के बाद, सिंधी भगवान का आशीर्वाद लेने के लिए पल्लव गाते हैं और फिर प्रसाद वितरित करते हैं । धर्मार्थ गतिविधियाँ की जाती हैं, उदाहरण के लिए, कपड़े दान करना और गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन देना, पूरे परिवार और दोस्तों के लिए स्वादिष्ट भोजन तैयार किया जाता है। इसके अलावा, लोग एक-दूसरे को चेती चंद ज्यों लख लख वदायूं अथव कहकर बधाई देते हैं। चेटी चंद या झूलेलाल जयंती कुल मिलाकर खुशी, उल्लास और उत्सव का त्योहार है।

## कौन थे झूलेलाल और किस मुगल शासक को चटा दी थी धूल

पौराणिक कथा के अनुसार संवत् 1007 में पाकिस्तान में सिंध प्रदेश के ठट्टा नगर में मिरखशाह नामक एक क्रूर मुगल राजा का राज था. शासक मिरक अपनी प्रजा पर बर्बरता करता, उन पर अत्याचार करता था. उसने हिंदू आदि धर्म के लोगों को डरा-धमकाकर इस्लाम स्वीकार करवाया. उसके अत्याचार से मुक्ति पाने के लिए सभी ने सिंधू नदी के किनारे लोगों ने पूजा पाठ, जप, व्रत आदि किए थे. कई दिनों तक पूजन चलता था. भक्तों की कड़ी तपस्या से प्रसन्न होकर मछली पर भगवान झूलेलाल प्रकट हुए और उन्होंने भक्तों से कहा कि वह 40 दिन बाद सिंधी समाज में जन्म लेंगे. इसके ठीक 40 दिन बाद चैत्र सुदी दूज पर उनके बताए स्थान पर एक चमत्कारी बालक ने श्रीरतनराय लोहाना के घर जन्म लिया, यही भगवान झूलेलाल कहे गए.

### भगवान झूलेलाल को मानते हैं जल देवता

वहीं एक मान्यता है कि प्राचीन काल में जब सिंधी समाज के लोग व्यापार से संबंधित जलमार्ग से यात्रा करते थे. तब यात्रा को को सकुशल बनाने के लिए जल देवता झूलेलाल से प्रार्थना करते थे और यात्रा सफल होने पर भगवान झूलेलाल का आभार व्यक्त किया जाता था. इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए चेटीचंड का त्योहार माना जाता है.

## कोटा में आज यहां बिजली बंद

**कोटा।** विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण मंगलवार को निम्न स्थानों पर बिजली बंद रहेगी। सुबह 9 से शाम 5.30 बजे तक - चंद्रेसल रोड कृषि क्षेत्र, सर्वोदय फार्म हाउस आदि। सुबह 9.15 से शाम 6 बजे तक -मानपुरा रोड कृषि क्षेत्र, नयागांव रोड, भदाना कृषि क्षेत्र आदि। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक- तलवंडी सेक्टर 4 व 5, जिला केंद्र एलन समर्थ के आसपास , बालाकुंड का कुछ क्षेत्र, बसंत विहार पारीक अस्पताल के आसपास आदि।

## पैंशन कल्याण विभाग में कुर्सियां भेंट

**कोटा 8 अप्रेल।** जैन श्वेतांबर सोशल संस्था के द्वारा सामाजिक सरोकार के कार्यों के अंतर्गत पेंशन एवम पेंशनर कल्याण विभाग मैं वरिष्ठ जनों के उपयोग के लिए दस कुर्सियां एवम दो टेबल प्रदान किए गए। संस्थान की अतिरिक्त निदेशक पूनम जैन द्वारा संस्था का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व अध्यक्ष रमेश विरोलिया, अध्यक्ष संजय बांठिया, सहसचिव श्री मति शशि प्रभा जैन, महेंद्र कुमार, निर्मल सोलंकी, मधु सोलंकी, रश्मि बांठिया, वीरेंद्र पारख एवम राकेश जैन उपस्थित रहे।

## खेत में काम कर रहे हैं मजदूरों ने कहा मिल गया मतदान का संदेश

**कोटा 8 अप्रेल ।** कीर्तांशम् दी ग्रुप आफ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से दूर -दराज के क्षेत्र में रहने वाले मतदाताओं को अभियान से जोड़ते हुए उन्हें मतदान के महत्व को बताने का कार्य किया जा रहा है। संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में खासतौर से सुदूर क्षेत्रों में रहने वाली महिला मजदूर शत- प्रतिशत मतदान करें इसके लिए विशेष नवाचार किये जा रहा है । खेत -खलियानों में पहुंचकर काम करने वाली महिला श्रमिकों को संदेश देना भी इस अभियान में शामिल किया गया है । संस्थान की सचिव रेखा सैनी ने बताया कि मतदाताओं को मतदान की ताकत से भी अवगत करवाया गया। संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ जी आर गोयल ने बताया कि जिला निर्वाचन विभाग के मार्गदर्शन से स्वीप कार्यक्रम के तहत संस्थान की ओर से विशेष गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। संस्थान की ओर से सोमवार को खेतों में काम करने वाले श्रमिकों को अभियान से जोड़ते हुए मतदान करने का संदेश दिया गया

## रोटरी क्लब कोटा नार्थ ने अपना स्थापना दिवस मनाया

कोटा। रोटरी क्लब कोटा नार्थ ने अपना 46 वा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर रोटरी के प्रनतपाल निर्मल कुणावत ने मुख्य अतिथि एवं उप प्रांतपाल श्रीमती क्षमता चौधरी विशेष अथिति के रूप में हिस्सा लिया और वर्ष 2023 -2024 के अध्यक्ष रवि सिन्हा एवं सचिव प्रवीण गुप्ता से पुरे वर्ष किये गए सामाजिक कार्यो की जानकारी हासिल की। क्लब ने अपने स्थापना दिवस पर अपने सामाजिक कार्यों की कड़ी में एक और पुनीत कार्य सरकारी स्कूल पाटनपोल को विद्यार्थियों को बैठने के लिए फर्नीचर दे कर किया। क्लब ने इस अवसर पर 21 पूर्व अध्यक्षो को एवं 16 क्लब सदस्यों को उनकी उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

## कोटा मंडल ने माल लदान से 890.93 करोड़ आय अर्जित की

**कोटा।** मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन, परिचालन और वाणिज्य विभाग के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष के 2023-24 में 1.2 लाख मालगाड़ी डिब्बों से 7.494 मिलियन टन माल लदान किया। जिससे कुल 890.93 करोड़ आय अर्जित किया। वितीय वर्ष 2023-2024 में पिछले सत्र 2022-2023 की तुलना में 5 प्रतिशत अधिक रैक में माल ढुलाई किया गया।

## मेहरोत्रा बने नये प्रबंध निदेशक

**कोटा।** आकाश एज्युकेशनल सर्विसेस लिमिटेड (एईएसएल) परीक्षा की तैयारी से जुड़ी सेवायें प्रदान करने में अग्रणी है। इसने दीपक मेहरोत्रा को अपना प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है।

## जेकेएलयू आनंद कुमार की 'सुपर 10 स्कॉलर' सूची का अनावरण

**कोटा ।** जेकेएलयू ने कोटा में एक ज्ञानवर्धक 'मीट द मास्टर मेंटर' कार्यक्रम की मेजबानी की जिसमें प्रसिद्ध शिक्षक और पद्मश्री विजेता तथा अपने सुपर 30 इनिशिएटिव के लिए पहचाने जाने वाले आनन्द कुमार शामिल थे। कोटा में आयोजित इस कार्यक्रम में 600 से अधिक महत्वाकांक्षी इंजीनियरिंग छात्रों, उनके अभिभावको एवं शिक्षकों ने उत्सुकता से भाग लिया तथा भारत के सबसे सम्मानित गुरूओं से उनके दृष्टिकोण प्राप्त किए। श्री कुमार के साथ उनके पूर्व छात्र डीबी सिंह और अमरनाथ आनन्द भी शामिल हुए । ये दोनों आनन्द कुमार की सुपर 30 इनिशिएटिव टीम के महत्वपूर्ण व्यक्ति थे।

## नगर निगम उत्तर ने भी किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**कोटा, 08 अप्रैल।** नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा आयुक्त अनुराग भार्गव के निर्देश पर सोमवार को खंडगावडी क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को मतदान करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे पिंक थीम व स्लोगन के माध्यम से लोगो को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया और साथ ही मतदान की महत्वता के बारे मे लोगो को बताया गया। नगर निगम कोटा उत्तर की अतिरिक्त आयुक्त एवं नोडल अधिकारी भावना शर्मा ने बताया कि खंडगावडी क्षेत्र मे डे.एन.यू.एल.एम के द्वारा आयोजित स्वीप कार्यक्रम मे आमजन को गुल गुलशन गुलफाम, वोट डालना अपना काम, शत-प्रतिशत मतदान कोटा की बने पहचान, लोकतंत्र का मान बढाओं वोट डालकर फर्ज निभाओं, घर-घर अलख जगाना है वोट डालने जाना है तथा लोकतत्र मजबूत बनेगा हम सब के मतदान से जैसे स्लोगनो का प्रसारण कर जन-जन तक पहुचाया गया। जिससे कि सभी मतदाता मतदान कर अपना योगदान प्रदान करे। स्वीप कार्यक्रम के दौरान डे.एन.यू.एल.एम की प्रबंधक डॉ. हेमलता गांधी व संदीप जोशी, मीनाक्षि सिन्डेल व मधुमिता भादुरी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## निर्दलीय उम्मीदवार योगेश शर्मा भाजपा में शामिल

**कोटा 8 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी कोटा बूंदी लोकसभा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में निर्दलीय उम्मीदवार योगेश शर्मा ने निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन वापस लिया। भाजपा कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि कोटा बूंदी लोकसभा से निर्दलीय उम्मीदवार योगेश शर्मा ने अपना नामांकन वापस लेते हुए अपनी टीम सहित पूर्ण समर्थन ओम बिरला को दिया । आज इस अवसर पर योगेश शर्मा को भाजपा कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन द्वारा भाजपा का दुपट्टा पहनाकर एवं मोबाइल से मिस कॉल करवा कर ऑनलाइन भाजपा पार्टी की सदस्यता दिलवाई गई।

# भाजपा के पास लक्ष्य भी है और उसे पाने का विजन भी: बिरला



**कोटा ।** लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला ने सोमवार को पीपल्दा विधान सभा क्षेत्र में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के पिछले दस साल के शासन में एक नए भारत का उदय हुआ है। भाजपा के पास लक्ष्य भी है और उसे प्राप्त करने का विजन भी है। वहीं दूसरी ओर विपक्ष के पास न ता नेता है और न ही नीति है। जनता इस बार भी नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को वोट करने की तैयारी कर चुकी है। भाजपा प्रत्याशी बिरला ने गेंता, बम्बूलियां कलां, सम्मानपुरा, बोरदा, ककरावदा, सीनोता, ढीपरी चम्बल, नीमोला, जटवाड़ा, बागली, रामपुरिया, बालूपा, छापोल, कैथूदा, तलाव, जोरावरपुरा और राजोपा में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस की स्थिति यह है कि गठबंधन करने के लिए उसे छोटे-छोटे दलों का साथ मांगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 पार के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस अमेठी और रायबरेली जैसी सीटों पर भी प्रत्याशी नहीं तलाश पा रही है। इससे साफ है कि कांग्रेस को भी परिणामों का अंदाजा हो गया है।बिरला आज बूंदी में करेंगे जनसम्पर्क- भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला मंगलवार को बूंदी विधान सभा क्षेत्र में जनसम्पर्क करेंगे। वे हट्टीपुरा, कंज कॉलोनी, मंगाल, रामनगर जाटान, गुढ़ानाथावतान, नीम का खेड़ा, उलेड़ा, खुनेठिया, सीन्ता, गरनारा, करजूना, महरामपुर, मंडावरा, भैरूपुरा बरड़, जवाहर नगर, आमली, मालीपुरा, लोईचा, गुंवार, गरड़दा, नमाना, सांकरदा और सिलोर में आमजन से मिलेंगे।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वर्धमान का होली मिलन



**कोटा 8 अप्रैल।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वर्धमान कोटा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन तिरुपति बालाजी धाम परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुरेश हरसौरा, अध्यक्ष आर के जैन, सचिव महावीर बरमुण्डा, कोषाध्यक्ष नितिन डूंगरवाल द्वारा दीप प्रज्वलन से एवं क्षिति बरमुंडा द्वारा मंगलाचरण से किया गया। अध्यक्ष आर के जैन ने आभार भाषण में बताया कि त्योहार समाज में लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक एकता का परिचय देते हैं, इन्हे जीवित रखने के लिए ऐसे कार्यक्रम होने चाहिए। ग्रुप के 140 सदस्यों ने आपस में रंग गुलाल लगाकर एकता का परिचय दिया। कार्यक्रम के संयोजक सुजीत मंजुल दुगेरिया, चक्रवर्ती प्रियंका कोटिया, संदीप प्रीति बरमुंडा, जितेन्द्र प्रियंका बागडिया के निर्देशन में एंट्री गेम, रंग बिरंगे मस्ती भरे डांस, हाऊजी इत्यादि प्रतियोगिताएं की गयी एवं राधा कृष्ण का चयन किया गया। एंट्री गेम में प्रथम कैलाश राजकुमारी सुरलाया, द्वितीय अभिषेक दीपिका हरसौरा ,राधा कृष्ण में प्रथम राहुल नीलम धनोप्या, द्वितीय अमित टीना कोटिया विजयी रहे एवं डांस में अर्चना डूंगरवाल, क्षिति, विहान, चक्षु, भव्या, चारवी ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कार प्रदान किये गये। अंत में सचिव महावीर बरमुण्डा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## खाटू श्याम भजन संध्या देर रात तक चली

**कोटा 8 मार्च।** कोटा में स्टेशन स्थित श्री सिंधी पंचायत झूलेलाल धर्मशाला समिति श्री झूलेलाल जन्मोत्सव 2024 के तहत सर्व समाज की महिलाओं के लिए सिन्धी व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 38 प्रकार के सिन्धी व्यंजन साज सज्जा के साथ शामिल हुए । इसके निर्णायक के रूप में भागवंती खूबचंदानी और निर्मला आहूजा रहीं जिन्होंने खुले दिल से व्यंजनों के स्वाद और उसमें झलकती सिन्धी संस्कृति की तारीफ की । समिति के अध्यक्ष हरीश जगवानी ने बताया कि व्यंजन प्रतियोगिता के 23 विजेताओ को समापन समारोह में 15 अप्रैल को पुरस्कृत किया जाएगा। सांस्कृतिक सचिव नरेश कारा ने बताया कि जन्मोत्सव के तहत खाटू श्याम की भजन संध्या आयोजित की गई जिसमें राहुल शर्मा,निहारिका सोनी और सुशील सांवरा ने भजन प्रस्तुत किए जिस पर देर रात तक बड़ी संख्या में मौजूद दर्शक झूम उठे । कलाकारों का अध्यक्ष हरीश जगवानी,महासचिव गोपाल मूलचंदानी,सांस्कृतिक सचिव नरेश कारा,महिला समिति अध्यश दक्षा जेसवानी महासचिव पूनम रतनानी व मनीषा जगवानी ने स्वागत किया। मीडिया सलाहकार किशन रतनानी ने कल 9 अप्रैल को सुबह छह बजे प्रभात फेरी व प्रातः आठ बजे आरती होगी। रात को पूर्व मुखी राँझामल की याद में बहराणा साहिब और भोजन प्रसादी होगी।

# खुद का साम्राज्य बढ़ाने में निकले बिरला जी के दस साल -गुंजल

**कोटा।** कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याक्षी प्रहलाद गुंजल ने सोमवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के मोरुकला, जालिमपुरा, ऑवा, सावंतभादो, झालरी, कनवास, मामोर, श्यामपुरा, कुराडिया, कुंदनपुर, मण्डाप, मण्डिता सहित कई गांवों में किया। जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए गुंजल ने कहा कि जिसे आपने दो बार सांसद बनाकर भेजा वह सत्ता की नशे में मदमस्त हो गए है । दस साल में उन्होंने केवल खुद का साम्राज्य बढ़ाने में निकाले है । गुंजल ने कहा कि बिरला जी व मेरे में एक अंतर है कि वह आशीर्वाद पाकर सत्ता के नशे में मद होकर समझते हैं कि जनता अंग्रेजों की जैसे जय जयकार करती थी वैसे ही हमारी कर रही है। वहीं जब जनता हमको प्यार करती है आशीर्वाद देती है तो हमें यह डर और भय सताने लगता है कि इस प्यार को कैसे बांधकर चलेंगे उन्होनें कहा की कार्यकर्ता की भावना का सम्मान करना मेरी प्राथमिकता पहले भी थी और अब भी है। गुंजल ने कहा कि यदि आपने मुझे आशीर्वाद देकर संसद तक भेजा, तो मैं आपको विश्वास दिलाता



हूं कि जब मैं दोबारा आऊंगा तो अपने कर्मों की किताब लेकर आऊंगा। जनसंपर्क के दौरान गुंजल का ग्रामवासियों ने पूरे जोरशोर से स्वागत किया। गुंजल ने भी बुजुर्गों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद मांगा। इस दौरान उनके साथ युवा नेता नरेश मीणा, देहात अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, कुशल पाल सिंह, पूजा सिंह, पूर्व प्रधान ओम जी शर्मा, पूर्व प्रधान मन्ना लाल जी, सांगोद विधानसभा क्षैत्र के सरपंचों, पूर्व सरपंचों सहित क्षेत्र के कई गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक शाम सिंधीयत के नाम कार्यक्रम का आंनद लिया

**कोटा 8 अप्रैल ।** पूज्य सिन्धी पंचायत समिति विज्ञान नगर की ओर से कल रात कोटा में एक शाम सिंधीयत के नाम आयोजित की गई जिसमें कोटा के आठ समाज सेवियों को और 11 समाज सेवी संस्थाओं को मुख्य अतिथि डॉ अमिता बिरला, विधयाक संदीप शर्मा, अमरधाम झूलेलाल मंदिर ,चक्रभाटा, छत्तीसगढ़ के संत साई लालदास साहिब ,चेन्नई से आए प्रेम प्रकाश आश्रम के संत जितेंद्र कुमार, कोटा के संत श्यामलाल ने सम्मानित किया । साईं लालदास जी के भजनों का देर रात तक उपस्थित भक्तों ने आंनद लिया । वे सभी सिन्धी गीतों और भजनों पर झूमते रहे। वरिष्ठ लेखक किशन रतनानी ने सभी अथितियों को अपनी लिखी कहानी संग्रह भेंट की। प्रारम्भ में विज्ञान नगर सिन्धी पंचायत के अद्यक्ष




सुन्दरदास दलवानी, संरक्षक विनोद अजवानी,संगठन मंत्री शंकर अम्बवानी, उपाद्यक्ष लक्ष्मण अम्बवानी, सलाहकार ओम टेकवानी,सोनू प्रेमानी आदि ने अतिथियों के स्वागत किया। साईं लालदास ने डॉ अमिता बिरला, संदीप शर्मा को झूलेलाल की प्रतिमा भेंट की। सम्मानित होने वालों में समाजसेवी लधा राम ग्वालानी, ओम आडवाणी, मुरलीधर अलरेजा, किशन रतनानी, हरीश जगवानी,हरीश दायनी, किशोर मदनानी थे । जिन संस्थाओं का सम्मान किया गया उसमें सिन्धु चिकित्सालय, कृष्ण मुरारी गौशाला,ओम साईं सेवा समिति, सिन्धु सहायता समिति,सचो संतराम सेवा समिति, झूलेलाल महिला मंडल विज्ञान नगर,सिन्धु महिला सर्किल ,केन्द्रीय सिन्धी महिला पंचायत,विश्व सिन्धी सेवा संगम,सिन्धी नवयुवक सेना आदि शामिल थे।

## एमबीसीए कोटा ने आरसीए कोटा को हराया

**कोटा ।** यूनिक क्रिकेट अकेडमी कोटा के तत्वाधान में बेस्ट इन टाउन कप अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन यूनिक क्रिकेट ग्राउंड, भदाना कोटा पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता के संयोजक ओमेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिवसीय फॉर्मेट में खेले जाने वाले तीसरे लीग मैच में एमबीसीए कोटा बनाम आरसीए कोटा के मध्य खेले गए मैच में आरसीए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीए टीम ने पहली पारी में 55.4 ओवर में 189 रनों का स्कोर बनाया। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आशीष शर्मा ने 77 रन, अभय ने 41 रन ओर सावन मीणा ने 16 रन बनाए। एमबीसीए टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्षित टेलर ने 5 विकेट, हर्ष नागर व विशेष चौधरी ने 2-2 विकेट लिए। इसके पश्चात पहली पारी में एमबीसीए टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 63.3 ओवर में 340 रन बनाते हुए पारी में बढ़त हासिल कर ली। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए विशेष चौधरी व नैतिक खंडेलवाल ने 71-71 रन बनाए व रेहान खान ने 56 रन बनाए। आरसीए टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए सारांश सिसोदिया व मनप्रीत ने 2-2 विकेट लिए। दूसरी पारी खेलते हुए आरसीए टीम ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए खेल समाप्त होने तक 42 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 251 रन बनाये। टीम की ओर से आशीष शर्मा ने 134 रनों की शतकीय पारी खेली जबकि सावन मीणा ने 33 रन बनाए। एमबीसीए टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष नागर ने 4 विकेट, लक्ष मीणा ने 2 विकेट, सूर्यांश व दिग्विजय सिंह ने एक-एक विकेट लिया। एमबीसीए टीम ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीत दर्ज कर ली।मैच के पश्चात एमबीसीए टीम के हर्ष नागर को मैन ऑफ़ द मैच से सम्मानित किया गया तथा आरसीए टीम के आशीष शर्मा को फाइटर ऑफ द मैच से सम्मानित किया गया।

# सनातन संस्कृति का गवाह बना किशोर सागर का तट

**कोटा, 8 अप्रैल।** किशोर सागर तालाब की पाल स्थित सेवन वंडर पार्क सोमवार वार को चिरंतन, पुरातन सनातन संस्कृति का गवाह बना। सामाजिक संस्कृति से ओतप्रोत सनातनियों का ऐसा मेला लगा कि सेवन वंडर पार्क पर पैर रखने की भी जगह नहीं बची। नवसंवत्सर समारोह आयोजन समिति के तत्वावधान में नवसंवत्सर 2081 और युगाब्द 5126 के स्वागत में शहर भर में तीन दिवसीय विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत एक के बाद कार्यक्रमों की ऐसी श्रृंखला चली कि हर कोई ठहर सा गया। नूतन वर्ष की पूर्व संध्या पर दीप सजाने के लिए सामाजिक संस्थाएं जुट गई थीं। महिला पुरुष रंगोली सजाकर हिंदू नववर्ष की स्वागत में पलक पांवड़े बिछाते नजर आए। मुख्य मंच पर बैंड वादन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें रामधुन समेत बैंड की अलग अलग विधाओं से मधुर स्वर लहरियां बिखेरकर श्रौताओं को आनंदित कर दिया। इसके बाद कथक नृत्य में द्रौपदी चीर हरण के दृश्य को जीवंत करते हुए भारत में नारी के महत्व को प्रतिपादित किया। हरिहर बाबा का भवई नृत्य, मोर नृत्य समेत राधा कृष्ण की झांकी के साथ अलग अलग कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान सरस्वती वंदना, शहनाई वादन, तबला वादन, कच्ची घोड़ी नृत्य, तेजाजी गायन, भपंग वादन, सितार वादन, मोनो एक्टिंग समेत कई कार्यक्रम भी अलग अलग मंचों पर हो रहे थे। तबले पर मंगल ध्वनि और बांसुरी गिटार पर जोरदार संगत ने ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। तलाव की पाल पर तीन दर्जन से अधिक समाजों ने स्वादिष्ट व्यंजनों की स्टाल लगाई थी। जहां ऊंच, नीच, जाति, पंथ का भेद भुलाकर हर कोई आनंद उठाता नजर आ रहा था। हस्तशिल्प और स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए लगी स्टाल पर भी लोगों की भीड़ रही। मेले में स्वदेशी वस्तुओं की बिक्री के लिए लगाई जाने वाली स्टॉल पर साहित्य बिक्री, ऐतिहासिक और सनातन से जुड़ी पुस्तकें उपलब्ध थीं। दही हांडी फोड प्रतियोगिता में युवकों ने साहस का परिचय दिया। वहीं व्यायामशाला के खिलाड़ी मलखंभ पर पारंपरिक कला का प्रर्दशन करने लगे तो हर किसी ने दांतों तले अंगुली दबा ली।

मेले में सेल्फी प्वाइंट, झूले और ऊंटगाड़ी समेत मनोरंजन के भी सभी साधन उपलब्ध थे। सनातन संस्कृति को प्रकट करते भव्य यज्ञ वेदी में आहुतियां भी दी गई। रंगोली प्रतियोगिता और महापुरुषों की झांकी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। भारतीय वेशभूषा प्रतियोगिता में देशभर की सांस्कृतिक विरासत का प्रकटीकरण हो रहा था। दो लाख दीपक से रोशन हुई शाम, भारत माता की महाआरती की- शाम को दो लाख से अधिक दीपक प्रज्ज्वलित कर नववर्ष की पूर्व संध्या को आलोकित किया गया। विभिन्न संस्थाओं ने पाल पर सजाए दीपक को जब आलोकित किया तो पूरा तट रोशनी से सराबोर हो गया। साधु संन्तों ने शंखध्वनि के साथ भारत माता की आरती की तो सनातनियों ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर और हाथों में दीपक उठाकर साथ दिया। इस दौरान भारत माता के जयकारों से आसमान गूंज उठा। भव्य आतिशबाजी कर नवसम्वत का अभिनन्दन किया गया। दीपदान में 200 से अधिक स्वयंसेवी, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं का योगदान रहा। आज सजेंगे चौराहे-शुभकामना के साथ देंगे मिस्त्री नीम काली मिर्च का प्रसाद-प्रचार प्रसार समिति के संयोजक आशीष मेहता ने बताया कि नववर्ष पर मंगलवार को शहर भर में प्रत्येक घर में पत्रक भेजकर नववर्ष की शुभकामना दी जाएगी। शहर के 51 चौराहों को सजाया जाएगा और राहगीरों को नीम और मिश्री का प्रसाद वितरित किया जाएगा। शहर में सवा लाख घरों और और 500 मंदिरों पर पताकाएं बदली जाएंगी।

## संक्षिप्त समाचार

# राजधानी एक्सप्रेस को लग गई नजर!

### मयंक यादव ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ किया सिर्फ 1 ओवर; चिंता बढ़ाने वाली है वजह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अबतक किसी खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है तो वह लखनऊ सुपर जायंट्स (रूस्त्र) के तेज गेंदबाज मयंक यादव हैं। 21 साल के तेज गेंदबाज मयंक ने अपनी रफ्तार को कोहराम मचाकर रख दिया है। वह 150 किलोमीटर प्रतिघंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंद करते हैं। लगातार इस गति से गेंद डालने की क्षमता रखते हैं। हालांकि, गुजरात टाइटंस के खिलाफ रविवार (7 अप्रैल) को खेले गए मैच में वह सिर्फ 1 ओवर ही कर पाए। इस ओवर के बाद उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा। इसकी वजह चिंता बढ़ाने वाली रही



है। गुजरात के खिलाफ मैच में केएल राहुल ने मयंक को चौथा ओवर दिया। मयंक के इस ओवर में 13 रन बने। साई सुदर्शन ने उन्हें 2 चौके जड़े। शुभमन गिल ने उन्हें 1 चौका जड़ा। मयंक ने इस ओलर में एक भी गेंद 141 से ज्यादा की रफ्तार से नहीं की। इस ओवर के बाद मयंक फिजियो के साथ मैदान से बाहर चले गए। मयंक को साइड स्ट्रेन स्ट्रेन होने की बात सामने आई।

**मयंक यादव की फिटनेस चिंता का कारण-** दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले मयंक यादव की फिटनेस चिंता का कारण रही है। वह पिछले साल चोटिल होने की वजह से आईपीएल में नहीं खेल पाए थे। इसके बाद वह चोटिल होने के कारण रणजी ट्रॉफी भी नहीं खेल पाए। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी उनका चयन चोट के कारण होते-होते रह गया था। आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के उनकी गेंदबाजी देखकर यह बात होने लगी थी कि वह टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाना चाहिए।



### भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने

# रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने एक और इतिहास रचते हुए क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाले मोंटे कार्लो मास्टर्स के मुख्य दौर में प्रवेश कर लिया है। वह इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में पहुंचने वाले 42 वर्ष में पहले भारतीय हैं। इससे पहले इस टूर्नामेंट के मुख्य दौर में खेलने वाले रमेश कृष्णन अंतिम भारतीय थे। वह यहां 1982 में खेले थे, लेकिन उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था।

### पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे नागल

नागल ने इस साल की शुरुआत में वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के दौरान भी इतिहास रचा था। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर से पहली बार आगे बढ़ पाए थे। 2021 में भारतीय स्टार को शुरुआती दौर में लिथुआनिया के रिकार्डस बेरांकिस के हाथों 2-6, 5-7, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, नागल पहले भी किसी ग्रैंडस्लैम इवेंट के दूसरे दौर में खेल चुके हैं। नागल ने 2020 यूएस ओपन में ऐसा किया था, जहां वह दूसरी वरीयता प्राप्त डोमिनिक थिएम से 6-3, 6-3, 6-2 से हार गए थे। हालांकि ऑस्ट्रेलियन ओपन में नागल का सफर दूसरे दौर में समाप्त हो गया था।

### एक सेट गंवाकर की वापसी

विश्व नंबर 95 सुमित ने क्वालिफाइंग दौर के फाइनल में विश्व नंबर 55 अर्जेंटीना के डियाज अकोस्टा को 7-5, 2-6, 6-2 से परास्त कर मुख्य दौर में प्रवेश किया। नागल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वह पहले सेट में एक समय 2-5 से पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए बाकी सभी गेम जीत 7-5 से यह सेट अपने नाम किया। दूसरा सेट गंवाने के बाद वह निर्णायक सेट में फिर लय में आए और जीत हासिल कर ली। वह मुख्य ड्रॉ के पहले पहले दौर में दुनिया के 35वें नंबर के खिलाड़ी इटली के माटियो अर्नाल्डी से भिड़ेंगे।

### अपनी उपलब्धि से रोमांचित हुए नागल

नागल अपनी इस उपलब्धि से काफी रोमांचित हुए। उन्होंने अपनी जीत के बाद एक्स पर पोस्ट डाल लिखा, मोंटे कार्लो के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाकर रोमांचित हूं। मैं भारत और दुनिया भर से मिले समर्थन और शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। अब अगले मैच का इंतजार नहीं कर पा रहा हूं।

# विराट कोहली पर मचा बवाल

### , अब मैदान में कूदे बाबर आजम, कहा- लोगों की परवाह करने लगे तो टीम की कौन सोचेगा?



नईदिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली ने पिछले सप्ताह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपनी 8वीं सेंचुरी बनाई. इसके बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हार का सामना करना पड़ा. बेंगलुरु की हार के बाद से ही कोहली की सेंचुरी पर बवाल मचा हुआ है. इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट एक बड़ा मुद्दा बन गया है. कोहली की इस इनिंग को लेकर पाकिस्तानी क्रिकेटर्स आपस में ही भिड़ गए. वहीं मॉडर्न क्रिकेट में स्ट्राइक रेट पर चल रहे डिबेट पर बाबर आजम ने इस अप्रोच का बचाव किया है. बाबर आजम भी व्हाइट बॉल क्रिकेट में अपनी स्ट्राइक रेट को लेकर अक्सर ट्रोल किए जाते रहे हैं. उन्होंने एक पॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि क्रिकेट फास्ट होती जा रही है. आपको उसके हिसाब से ढलना है. आजकल लोग स्ट्राइक रेट के बारे में बड़ी बाते करते हैं. लेकिन आपको किसी को संतुष्ट या खुश करने के लिए नहीं खेलना है. मैं किसी को खुश नहीं कर सकता हूं. मुझे कैसे मैच जीताना है, कैसे इनिंग बिल्ड करनी है, मेरा फोकस सिर्फ उस पर ही रहता है.

### बाबर बोले-

**बढ़ती रहेगी स्ट्राइक रेट की डिमांड-** बाबर आजम के अनुसार, स्ट्राइक रेट से लोग कभी संतुष्ट नहीं होंगे, उनकी डिमांड बढ़ती ही रहेगी. बाबर ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि लोगों को मेरी स्ट्राइक रेट बहुत दिक्कत होती है. 150 की स्ट्राइक रेट पर खेलेंगे तो लोग कहेंगे 170 होना चाहिए, 170 पर खेलेंगे तो कहेंगे 200 होना चाहिए. टीम अच्छी स्थिति में होगी तो हम 200 की स्ट्राइक रेट पर भी खेल सकते हैं. लेकिन आप हमेशा खुलकर नहीं खेल सकते हैं. टीम की सिचुएशन सबसे ज्यादा मैटर करती है. उसके हिसाब से ही आपको इनिंग्स बिल्ड करनी पड़ती है. 6-10, 10-15 और 15-20 ओवर में अलग-अलग अप्रोच के साथ खेलना होता है. हमें पता है कि कब अटैक करना है, कब स्ट्राइक रेट बढ़ाना है. उन्होंने कहा कि टीम का फाउंडेशन तैयार करने, जल्दी स्कोर करने और टीम की जीत सुनिश्चित करने में एक बैलेंस होना चाहिए.

### कोहली को लेकर आपस में भिड़े पाकिस्तानी क्रिकेटर्स

कोहली की इस पारी को लेकर पाकिस्तानी क्रिकेटर्स आपस में ही भिड़ गए. पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज जुनैद खान इन दिनों आईपीएल को लेकर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव हैं. उन्होंने तंज कसते हुए विराट कोहली को बधाई दी. उन्होंने कहा कि आईपीएल इतिहास की सबसे धीमी सेंचुरी के लिए कोहली को बधाई.

### आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की पहली जीत, रोहित शर्मा ने हार्दिक पांड्या को गले लगाया

# ...लेकिन क्या हो गया है सबकुछ ठीक?



**मुंबई, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में मुंबई इंडियंस को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा था, रविवार से पहले तक मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर थी, लेकिन महज एक जीत के साथ ही वह आठवें पायदान पर पहुंच गई है। आईपीएल 2024 की शुरुआत मुंबई इंडियंस के लिए किसी भी तरह से अच्छी नहीं रही। फैन्स ने जहां कप्तान के तौर पर हार्दिक पांड्या की जमकर हूटिंग की, तो वहीं टीम भी लगातार एक के बाद एक तीन मैच हार गई। ऐसे में कप्तान हार्दिक पांड्या काफी ज्यादा दबाव में भी थे। इन सबके बीच खबरें लगातार यही आ रही हैं कि मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम का माहौल भी काफी गर्म है। ऐसे में मुंबई इंडियंस के लिए यह जीत सूखे रेगिस्तान में पानी की बूंद जैसी थी। इस जीत के बाद पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने जाकर हार्दिक पांड्या को गले भी लगाया। ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल भी हुई, लेकिन सवाल यह खड़ा होता है कि क्या वाकई मुंबई इंडियंस के ड्रेसिंग रूम में सबकुछ सही हो गया है? खैर इसका जवाब देना जल्दबाजी होगी, क्योंकि यह टूर्नामेंट काफी लंबा है और आने वाले मैचों में देखना होगा कि टीम के अंदर किस तरह का माहौल है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के बाद हालांकि हार्दिक पांड्या ने साफ कहा कि ड्रेसिंग रूम का माहौल एकदम बढ़िया है।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 4-2 से हराया

**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अपने दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-4 से हार गई। भारत सीरीज में 0-2 से पिछड़ गया है। उसे पहले मैच में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेरेमी हेवर्ड (6, 34), जैकब एंडरसन (42) और नाथन एफाम्स (45) ने गोल किये, जबकि भारत के लिए जुगराज सिंह (9और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (30) ने एक-एक गोल किया। मैच की शुरुआत भारत ने आक्रामक की और ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को पूरी चुनौती दी। हालांकि, मेजबान टीम के लिए जेरेमी हेवर्ड (6) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल दिया और टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। वहीं, भारत ने शुरुआत में कई मौके गंवाए। भारत ने जवाबी हमलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अपनी रणनीति में थोड़ा बदलाव किया, जिसका टीम को फायदा मिला और जुगराज सिंह (9) ने एक बेहतरीन पेनल्टी कॉर्नर के साथ स्कोर बराबर कर दिया। कुछ ही समय बाद, अभिषेक के पास भारत को बढ़त दिलाने का सुनहरा मौका था क्योंकि उन्होंने खुद को डी क्षेत्र के अंदर एक मजबूत स्थिति में रखा और उन्हें केवल गोलकीपर को छकाना था, लेकिन उनका शक्तिशाली शॉट लक्ष्य से थोड़ा चूक गया। पहला क्वार्टर 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर के दौरान, दोनों टीमों ने अपनी आक्रामक गति बनाए रखी और लगातार एक-दूसरे की डिफेंस को चुनौती दी।

## दिनेश कार्तिक ने 11 साल पहले हुई थी गलती

### आज भी है मलाल, दिनेश कार्तिक पीछे जाकर करना चाहते हैं ठीक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर अपने क्रिकेट करियर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलना चाहते हैं। कार्तिक का जन्म चेन्नई में ही हुआ था। उन्होंने यह भी माना कि मुंबई इंडियंस उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनने में मदद कर सकती थी। कार्तिक ऑस्ट्रेलिया में खेले गए पिछले टी20 वर्ल्ड कप के बाद भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। दिनेश कार्तिक आईपीएल 2013 में चैंपियन बनने वाली मुंबई इंडियंस से अलग हो गए थे।

## व्यापार

### रुपया शुरुआती कारोबार में आठ पैसे की बढ़त के साथ 83.23 प्रति डॉलर पर

**मुंबई एजेंसी।** सकारात्मक घरेलू बाजारों और विदेशी कोषों के प्रवाह के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में आठ पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.23 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतें नरम पड़ने से निवेशकों की भावनाओं को बल मिला, जबकि विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती ने स्थानीय मुद्रा की बढ़त को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.27 प्रति डॉलर पर खुला। इसके बाद वह 83.23 प्रति डॉलर आ गया जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.31 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 104.34 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 89.70 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 1,659.27 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

### अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर शॉपिंग करने पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने यह वीडियो पोस्ट किया है। इसमें अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर दुबई में शॉपिंग करने पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच वह एक ओरेंज रॉल्स-रॉयस कलिनन ब्लैक बेज में बैठकर दुबई मॉल में आते हैं। उनकी सुरक्षा में 20 गाड़ियों का एक काफिला है। हुरून इंडिया लग्जरी कंज्यूमर सर्वे 2023 के मुताबिक लग्जरी एसयूवी में रॉल्स-रॉयस कलिनन भारतीयों की पहली पसंद है। कंपनी ने अपनी कलिनन ब्लैक बैज कार 2020 में भारत में लॉन्च की थी। भारत में इसकी कीमत करीब 8.2 करोड़ रुपये है। टैक्स लगाकर इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बैठती है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान के पास भी यह गाड़ी है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को मुंबई में होनी है। पिछले महीने जामनगर में उनकी प्री-वेडिंग सेरेमनी हुई थी। इसमें दुनियाभर की कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया था। इनमें ग्लोबल पॉप आइकन रिहाना, मेटा प्लेटफॉर्म्स के बॉस मार्क जकरबर्ग और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स शामिल थे। इस इवेंट का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इसमें मार्क जकरबर्ग और उनकी पत्नी अनंत अंबानी से उनकी घड़ी के बारे में पूछ रहे थे। सालभर में इस ब्रांड की केवल 5,300 घड़ियां बनती हैं जिनकी एवरेज कॉस्ट 250,000 डॉलर है।

### सीईओ के हटने के बाद 40 प्रतिशत तक गिर सकता है बंधन बैंक का शेयर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के एक बैंक के शेयर रखने वाले निवेशकों के लिए बुरी खबर है। बंधन बैंक के संस्थापक और सीईओ चंद्र शेखर घोष के रिटायरमेंट के बाद से उसके शेयर 40 पर्सेंट तक गिर सकते हैं। उन्होंने इस साल 9 जुलाई को रिटायरमेंट ले लिया था। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने बंधन बैंक की रेटिंग बाय से डाउनग्रेड करके अंडरपरफॉर्म कर दिया गया है। ब्रोकरेज ने बंधन बैंक का टार्गेट प्राइस 40 प्रतिशत घटाकर ?290 से घटाकर ?170 कर दिया है। इस संशोधित टार्गेट प्राइस मौजूदा स्तरों से 14 प्रतिशत की संभावित गिरावट का संकेत देता है। 2024 में अब तक बंधन बैंक के शेयरों का निफ्टी बैंक इंडेक्स पर सबसे खराब प्रदर्शन रहा है, जिसमें लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। अगर बंधन बैंक के शेयरों का हालिया प्रदर्शन देखें तो पिछले पांच कारोबारी सेशन में 7 फीसद से अधिक की बढ़त दर्ज की है।

# 82,000 के करीब पहुंची चांदी की कीमत, सोने ने भी तोड़े सारे रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में सोने-चांदी के दाम लगातार नए रिकॉर्ड बना रहे हैं और सोना मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर पहली बार 71,000 रुपए के पार निकल गया है। चांदी में भी शानदार उछाल के बाद 81,000 रुपए से ऊपर के दाम देखे जा रहे हैं और इसमें 1000 रुपए से ज्यादा का उछाल है तो ये 82,000 रुपए के भी बेहद करीब आ चुकी है। चांदी में कभी भी 82,000 रुपए के लेवल भी पार हो सकते हैं। सोना अभी तक के सबसे महंगे भाव पर चला गया है और एमसीएक्स पर इसका सर्वाधिक ऊंचा दाम 71057 रुपए प्रति 10 ग्राम के रेट पर है। सोने में करीब आज 400 रुपए से ज्यादा का उछाल देखा जा रहा है और ये अब तक के सबसे हाई रेट पर कारोबार कर रहा है।

चांदी की चमक तो आज बेहतरीन रूप से बढ़ी है और कारोबार खुलते ही इसमें 1040 रुपए से ज्यादा की तेजी देखी गई है। चांदी 81,000 रुपए की कीमतों को तो पार कर ही चुकी है और अब ये 82,000 रुपए के करीब जा रही है। एमसीएक्स पर चांदी का मई वायदा 81955 रुपए प्रति किलो के रेट पर आ चुका है जो इसका ऑलटाइम हाई लेवल है।

विदेशी बाजार में भी सोना और चांदी दोनों धमाकेदार तेजी का प्रदर्शन कर रहे हैं। कॉमैक्स पर गोल्ड जून फ्यूचर्स 15.60 डॉलर प्रति औंस की बढ़त के साथ 2,361.25 डॉलर प्रति औंस पर बना हुआ है। वहीं कॉमैक्स पर ही चांदी मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रेक्ट 27.902 डॉलर प्रति औंस के रेट पर ट्रेड कर रही है। अक्षय तृतीया का पर्व आने वाली 10 मई को है और इससे पहले ही सोने के दाम में जोरदार बढ़त से गहने खरीदने वालों के सामने चिंता है कि इस बार सोने-चांदी के सिक्के या गहने कैसे खरीदे जाएंगे।

## गोदरेज प्रॉपर्टीज ने गुरुग्राम में केवल 3 दिन में बेच डाले 3000 करोड़ रुपये से अधिक के 1,050 लक्जरी मकान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने गुरुग्राम में अपनी नई परियोजना पेश करने के तीन दिन के अंदर ही 3,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 1,050 से अधिक मकान बेच दिए। कंपनी के इस अपडेट के बाद गोदरेज प्रापर्टी के शेयर 2692 रुपये के हाई पर पहुंच गया। यह इसका 52 हफ्ते का नया हाई है। दोपहर 12 बजे के करीब स्टॉक 6.16 फीसद ऊपर 2454.45 रुपये पर ट्रेड कर रहा था।

गोदरेज प्रापर्टी की यह उपलब्धि आवासीय क्षेत्र में मजबूत बिक्री गति को दर्शाता है। पिछले 18 महीने में गुरुग्राम में पेश की गई आवासीय परियोजनाएं सफल रही हैं। वहां अपार्टमेंट बिक्री के लिए पेश किए जाने के कुछ दिन के भीतर ही बिक जाते हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया, मूल्य और बिक्री के मामले में यह गोदरेज प्रॉपर्टीज की अभी तक की सबसे सफल परियोजना रही। यह परियोजना गुरुग्राम में जीपीएल का सबसे बड़ा आवासीय ग्रोथ है। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी गौरव पांडे ने कहा, गुरुग्राम गोदरेज प्रॉपर्टीज के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है। हम आने वाले वर्षों में गुरुग्राम में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करने की कोशिश करेंगे।

जीपीएल ने कहा, कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में गुरुग्राम में बिक्री में सालाना आधार पर 473 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एक मजबूत आधार पेश करती है। गोदरेज प्रॉपर्टीज व्यवसाय समूह गोदरेज ग्रुप का हिस्सा है। यह देश के अग्रणी डेवलपर्स में से एक है। यह मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु में आवासीय परियोजनाओं का विकास करता है। इसने हाल ही में हैदराबाद बाजार में प्रवेश किया है।

# 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी अधेड़ व्यक्ति को आजीवन कारावास

कोटा 8 अप्रैल। न्यायालय पोक्सो क्रम-3 कोटा ने नाबालिग से रेप करने के करीब 6 महीने पुराने मामले में 50 वर्षीय आरोपी को अंतिम सांस तक (उम्रकैद) कारावास की सजा व 21 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। प्रकरण के अनुसार आरोपी



पड़ोस में रहने वाली 13 साल की नाबालिग को गेहूं दिलाने के बहाने घर से बुलाकर अपने साथ ले गया। फिर खाल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विशिष्ट लोक अभियोजक ललित कुमार शर्मा ने बताया कि अपने फैसले में कोर्ट ने टिप्पणी में लिखा कि जहां नारी की पूजा की जाती है वहां देवता भी निवास करते हैं। समाज में कन्या पूजन किया जाता है, लोग कन्याओं के चरणों का पूजन करते है। मनुष्य के द्वारा इस तरीके का घृणित कृत्य किया है। ऐसे आरोपी के खिलाफ नरमी का रूख नहीं अपनाया जा सकता। ललित शर्मा ने बताया कि इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने 5 अक्टूबर 2023 बूढ़ादित थाने में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि उनकी 13 साल बेटी पांचवीं कक्षा में पढ़ती है। पड़ोस में रहना वाला व्यक्ति राशन के गेहूं दिलाने का बहाना करके 13 साल की बेटी को अपने साथ ले गया। फिर उसे खाल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बेटी ने घर लौटने पर सारी बात बताई। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। कोर्ट में आरोपी के खिलाफ चालान पेश किया। कोर्ट में 12 गवाहों के बयान कराए। 21 दस्तावेज पेश किए।



## महर्षि गौतम सर्किल पर 1008 दीपों से महाआरती

**देश की धरती । कोटा 8 अप्रेल।** महर्षि गौतम प्रगतिशील मंच के अध्यक्ष मोहित गौतम ने बताया कि महर्षि गौतम प्राकट्य महोत्सव की पूर्व संध्या पर जिला गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के तत्वाधान में भगवान श्री महर्षि गौतम सर्किल पर 1008 दीपो से महाआरती का आयोजन किया गया एवं समाज बंधुओ द्वारा भव्य आतिशबाजी की गई द्य

इस अवसर पर विशाल शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, कुंज बिहारी गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संजय गौतम जिला अध्यक्ष, जगमोहन गौतम प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रवीण पंचोली जिला महामंत्री, मोहित गौतम अध्यक्ष प्रगतिशील मंच, जितेंद्र गौतम राष्ट्रीय महासचिव, हर्षित गौतम, डॉ. आर सी गौतम, डॉ. ब्रज सुंदर गौतम, चंद्र प्रकाश शर्मा, राखी गौतम महिला प्रदेश अध्यक्ष, शालिनी गौतम वार्ड पार्षद, टीकमचंद पंचोली, महेश प्रसाद शर्मा, घनश्याम आचार्य, बृजेश शर्मा, राजेंद्र मोहन गौतम, सत्यनारायण शर्मा, प्रमोद गौतम रोहित शुभम शर्मा, गौतम, देवेंद्र शर्मा, दिनेश दुबे, खेमराज शर्मा, विमल गौतम आदि समाज बंधु उपस्थित रहे ।

## हर्षोल्लास के साथ मनेगा भगवान महावीर जन्मकल्याणक

**देश की धरती ।** कोटा 8 अप्रेल। सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा आगामी 20 एवं 21 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी का 2 दिवसीय जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जायेगा। सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता ने बताया कि सकल दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक आवश्यक बैठक तलवंडी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित की गई जिसमे तय हुआ कि भगवान महावीर जन्मकल्याणक के अवसर 21 अप्रेल को प्रातः होने वाली प्रभावना शोभा यात्रा शोभा इस वर्ष तलवंडी जैन मंदिर प्रारंभ होगी ।शोभायात्रा समिति के मुख्य संयोजक रितेश सेठी एवं प्रकाश बज ने संयुक्त रूप से कहा कि रविवार 21 अप्रैल को प्रातः 7 बजे मुनि संघ एवं आर्यिका संघ के सानिध्य में शोभायात्रा प्रारंभ होगी। जो विभिन्न मार्गो से होती हुई दशहरा मैदान स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुँचेगी। जहाँ भगवान के अभिषेक, शांतिधारा पूजन एवं साधुसंतों के प्रवचन आदि कार्यक्रम होंगे । प्रचार सचिव मनोज जैन आदिनाथ ने बताया कि महावीर जयंती पर परोपकार के क्षेत्र में भी समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। युवा प्रकोष्ठ एवं सकल जैन समाज के संयुक्त प्रयास से 20 अप्रैल को नया कोटा क्षेत्र में प्रातः 7 बजे से पदयात्रा प्रारंभ होगी ।जिसमे हज़ारों की संख्या में पदयात्री शामिल होंगे। बैठक में संरक्षक राजमल पाटोदी,जे के जैन, विनोद टोरडी,नरेश निशा वेद,विजय दुगेरिया,प्रकाश बज,पीयूष बज आदि ने संबोधित किया। सकल दिगम्बर जैन समाज कोटा के अध्यक्ष विमल जैन नांता ने सभा मे उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों से इस जन्मकल्याणक महोत्सव के तहत होने वाले सभी आयोजनों जिसमे एके दिन पूर्व सकल जैन समाज कोटा के बैनर तले होने वाली प्रभावना पद यात्रा, पूर्व संध्या पर महिला प्रकोष्ठ कोटा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या जन्मकल्याणक शोभायात्रा व महोत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु आह्वान किया। तलवंडी जैन समाज के अध्यक्ष अशोक पहाड़िया ने भी सकल दिगम्बर जैन समाज के प्रति आभार जताते हुए सभी से निवेदन किया कि इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करे। मंच संचालक कमलेश सावला ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# पर्यवेक्षकों ने किए औचक निरीक्षण, दिए नोटिस
## चुनाव गतिविधियों पर कड़ी निगरानी

**देश की धरती ।** कोटा 8 अप्रेल। लोकसभा आम चुनाव के तहत नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक डा. एन वेंकटाचलम तथा व्यय पर्यवेक्षक प्रदीप सिंह सेंगर ने सोमवार प्रातः एस.एस.टी चौक पोस्ट दरा तिराह नाका (सांगोद) का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। इसी निरीक्षण के दौरान एस.एस.टी टीम द्वारा एक गाड़ी पर कांग्रेस प्रत्याशी का फ्लेक्स लगा हुआ पाया गया। फ्लेक्स लगी हुई गाड़ी का चुनावी इस्तेमाल करने हेतु अनुमति-पत्र मांगने पर चालक अनुपति-पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। इस हेतु गाड़ी पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए तत्काल मौके पर ही व्यय पर्यवेक्षक प्रदीप सिंह सेंगर द्वारा एफ.एस.टी. टीम को मौके पर बुलाकर सीजर की कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये। इसी घटनाक्रम में सहायक रिटर्निंग अधिकारी सांगोद-(188) द्वारा कांग्रेस पार्टी के निर्वाचन अभिकर्ता पदम कुमार गौत्तम को बिना अनुमति के प्रचार प्रसार भारतीय निर्वाचन के नियमों की अव्हेलना पर तथा एस.एस.टी प्रभारी को विडियोग्राफर द्वारा सही तरह से विडियो रिकार्डिंग न किये जाने के कारण नोटिस भी जारी किया गया, उसके पश्चात एस.एस.टी 3 एवं एफ.एस.टी 2 द्वारा गाड़ी को जब्त कर लिया गया। साथ ही व्यय पर्यवेक्षक प्रदीप कुमार सेंगर ने सभी गाड़ियों को सतत् रूप से चौक करते रहने व चुनावी प्रयोग में आने वाली गाड़ियों के अनुमति पत्रों की जांच करने के निर्देश प्रदान दिये, ताकि चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना सभी स्तर पर सुनिश्चित की जा सके। इसके पश्चात पर्यवेक्षकों द्वारा एस.एस.टी. चौक पोस्ट मंडाना टोल नाके का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में एस0एस0टी0 टीम सजग रूप से कार्य करती हुई नहीं पाई जाने पर व्यय पर्यवेक्षक प्रदीप सिंह सेंगर द्वारा उनको कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश दिए। उनके बाद प्रखर गोयल प्रभारी एसएसटी मूल चन्द, सहायक उप निरीक्षक, गोकुल, प्रकाश, अशफाक अली (सिपाही) को निरीक्षण के दौरान कार्य में पाई गई शिथिलता एवं कार्य से असंतुष्ट पाए जाने पर चुनाव कार्य के प्रति उदासीनता के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी लाडपुरा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। इसके बाद एस0एस0टी0 चौक पोस्ट अनन्तपुरा का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें उनके द्वारा रजिस्टर, कितनी गाडियों को चौक किया गया, चौकिंग के दौरान कितनो पर कार्यवाही की गई की जानकारी ली गई। उन्होंने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने भी निर्देश दिये। पर्यवेक्षकों द्वारा सोमवार को सायं व्यय पर्यवेक्षक प्रदीप सिंह सेंगर द्वारा नोडल अधिकारी (व्यय मोनिटरिंग) एवं मुख्यालय तथा कोटा-बून्दी के समस्त सहायक व्यय पर्यवेक्षकों की मीटिंग सर्किट हाउस में ली गई। जिसमें लोकसभा चुनाव संबंधित दैनिक कार्यों एवं प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की एवं उन्हें चुनाव व्यय कार्य को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में सहायक व्यय पर्यवेक्षक ने संबंधित एस0एस0टी0, एफ.एस.टी. टीमों का उनके स्तर पर भी औचक निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किये।



पर्यवेक्षकगण औचक निरीक्षण करते हुए।

# जानलेवा हमले का फरार आरोपी हिस्ट्रीशीटर गप्पू उर्फ गुलरेज गिरफ्तार

कोटा 8 अप्रैल । नांता थाना पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में फरार हिस्ट्रीशीटर गप्पू उर्फ गुलरेज को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि फरियादी बलबीर सुमन ने थाना नान्ता पर एक रिपोर्ट दी कि रात को मैं ड्यूटी से वापस घर आया तो मैने देखा की मेरे घर के बाहर गप्पु व उसके चार दोस्त खड़े थे जिनके हाथ में लकड़ी के डण्डे व बेट था मैंने उन से कहा कि यहां क्यों खड़े हो तो आक्रोशित होकर मेरे से कहासुनी करने लगे जब मैं वहां से जाने लगा तो गप्पु उसके दोस्तो ने मुझे रोककर लकड़ी के डण्डो व बेट से जाने से मारने की नियत से मेरे साथ मारपीट की,जिससे मेरे सिर से खून बहने लगा मेरे दोस्त मुकुल ने बीच बचाव कर मुझे छुडाया, मैं वहीं गिर गया था, मौका देखकर गप्पु और उनके दोस्त वहां से भाग गये। मेरे दोस्त मुकुल के साथ में थाने पर आकर मैंने मेरे साथ हुई मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई। उक्त रिपोर्ट पर धारा 308, 341, 323, 143 आईपीसी में दर्ज कर 13 मार्च 24 को घटना में शामिल अभियुक्त शादाब अली उर्फ मंलग, रेहान अली को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक नवल किशोर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 07 अप्रैल 24 को प्रकरण के मुख्य अभियुक्त एंव थाना नान्ता का हिस्ट्रीशीटर गुलरेज उर्फ गप्पू पुत्र अय्यूब हुसैन को काफी तलाश पतारसी के बाद गिरफ्तार किया गया,जिससे प्रकरण में गहनता से अनुसंधान जारी है ।





# शातिर चैन स्नैचिगं गिरोह का पर्दाफाश
## 25 हजार रु के तीन ईनामी बदमाश बापर्दा गिरफ्तार

कोटा, 8 अप्रैल। जिला पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर डा. अमृता दुहन ने बताया की गत कुछ दिनों से कोटा शहर में चैन स्नैचिगं की घटनाऐं कारित हुई, चैन स्नैचिगं की घटनाओं की रोकथाम एवं घटनाओं का खुलासा करने हेतु दिलीप सैनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा शहर के निकटतम सुपरविजन में अज्ञात चैन स्नैचरों की पहचान एवं प्रकरणों का खुलासा करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में थाना आर. के. पुरम के चैन स्नैचिगं के प्रकरणों में अज्ञात चैन स्नैचरों की पहचान एवं गिरफ्तारी हेतु मनीष शर्मा वृताधिकरी वृत चतुर्थ के निर्देशन में थानाधिकारी थाना आर. के. पुरम अजीत बगडोलिया पु.नि. व प्रभारी साईबर सैल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अज्ञात चैन स्नैचरों के सम्बन्ध में सीसीटीवी, तकनीकी अनुसंधान एवं आसूचना संकलन के आधार पर थाना आर. के. पुरम के प्रकरण संख्या 124/24 धारा 379, 356 भादस में 1. नवीन खान उर्फ नावेद खान उर्फ ओबामा उर्फ नदीम 2. तेजपाल 3. अजय रेगर को बापर्दा गिरफ्तार कर अनुसंधान जारी है व अन्य वारदातों के खुलासे तथा बरामदगी के प्रयास जारी है। अनुसंधान से ज्ञात हुआ है कि गिरफ्तार अभियुक्त अपने महेंगे शौक पूरा करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम देते है।

# कनिष्ठ अभियंता के घर से मोबाइल टेबलेट व गैस सिलेंडर चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

कोटा 8 अप्रैल। किशोरपुरा थाना पुलिस ने 2 शातिर नकबजनों को गिरफ्तार कर कब्जे से मोबाईल टैबलेट व गैस सिलेण्डर बरामद करने में सफलता हासिल की है। सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 15 मार्च 24 को परिवादी अंकित चौधरी पुत्र रामजीलाल जाति जाट उम्र 27 साल निवासी क्वार्टर नं. सी-1 आरपीएस कोलोनी किशोरपुरा कोटा शहर ने किशोरपुरा थाने पर एक लिखित रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मैं अंकित चौधरी कनिष्ठ अभियन्ता (आरवीयूएनएल) सी-1 आरपीएस कोलोनी में निवास करता हूं। गत रात्रि 14 मार्च 24 जब मैं डयूटी पर था तब अज्ञात लोग मेरे घर का ताला तोड़कर अन्दर घुस गये और मुख्यतः टेबलेट (आइ ऍ म इ आ इ ऍ NO.865781041223776) तथा गैस सिलेण्डर (उपभोक्ता क्र. 115981236) चुरा कर ले गये। भारत गैस कम्पनी का सिलेण्डर है जो खाली है। उक्त परिवाद पर थाना किशोरपुरा पर धारा 380 भादंस. में दर्ज कर अज्ञात मुलजिम व चोरी गये मोबाईल टैबलेट व गैस सिलेण्डर की तलाश की गई। थाना प्रभारी रामस्वरूप मीना के नेतृत्व में टीम द्वारा अज्ञात मुलजिम को मुखबीर व तकनिकी संसाधनो की सहायता से तलाश किया गया तथा 7 अप्रैल 24 को मुलजिम फूलसिंह पुत्र गुलाबचन्द जाति तंवर राजपुत उम्र 28 साल निवासी ग्राम गुराड खेडा रामदेव मंदिर के पास थाना दांगीपुरा तहसील मनोहर थाना जिला झालावाड़ व रामावतार उर्फ मुकेश पुत्र मोहनलाल जाति मील उम्र 30 साल निवासी बालापुरा की टापरीयां कनवास थाने के पीछे कनवास पुलिस थाना कनवास जिला कोटा ग्रामीण को बाद अनुसंधान प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण हाजा का माल मशरूका मोबाईल टैबलेट व गैस सिलेण्डर को जप्त किया गया। मुलजिम रामावतार उर्फ मुकेश थाना किशोरपुरा पर 2017 के नकबजनी के प्रकरण सं. 241/2017 धारा 457,380 मादसं. में न्यायालय से जारी स्थाई वारण्ट में एक वर्ष से फरार चल रहा था। रामावतार उर्फ मुकेश के खिलाफ नकबजनी, चोरी, एनडीपीएस एक्ट व जुआ के कोटा शहर व कोटा ग्रामीण में 09 आपराधिक प्रकरण दर्ज है। मुल्जिमानों से चोरी के अन्य प्रकरणों में अनुसंधान जारी है।



**एक आरोपी स्मैक का आदी तो दूसरा ऑटो चालक**- रामावतार उर्फ मुकेश स्मैक पीने का आदी है अपने शौक पूरा करने के लिये कोटा शहर में सूने मकानों में चोरियां करता है तथा चुराये हुये माल को अपने साथी फूल सिंह जो कि ऑटो चलाता है के साथ मिल कर उसके ऑटो में रखकर चोरी के माल को बेच देता है। तथा उससे आये रूपयो को आपस में बांट लेते है।

# जुआं खेलते दो आरोपी गिरफ्तार, 40500 रुपए व ताशपत्ते बरामद

कोटा 8 अप्रैल । रामपुरा कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलते हुए 2 आरोपियों को गिरफतार कर उनके पास से जुआ रकम 40500 रूपये बरामद किए हैं। सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि अपराधियो की धरपकड, अपराध नियत्रंण एवं आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को शांति पूर्वक निपटाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत दिलीप कुमार सैनी अति. पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर व गरिमा जिदंल वृत्ताधिकारी वृत्त तृत्तीय कोटा शहर के निर्देशन में थानाधिकारी थाना कोतवाली बृजबाला पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आज सोमवार को गश्त के दौरान जरिये मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नहर के पास मेटाडोर स्टेण्ड ज्वालातोप के पास में ताश के पत्तो पर रूपये पैसो का दाव लगाकर 3-4 व्यक्तियो के द्वारा जुआ खेलने की सूचना प्राप्त होने पर ज्वाला तोप पुरानी सब्जीमंडी से 2 व्यक्ति अब्दुल अलीम व सलमान को ताश के पत्तो पर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया । जिनके कब्जे से जुआ रकम 40500 /- रूपये मय 52 ताश के पत्तो के जप्त किये। मुल्जिमान के विरूद्ध गैम्बलिंग एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान जारी है।



## तोमर सोशल मीडिया विभाग के संयोजक बने

**देश की धरती । रावतभाटा ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक हिरेंद्र कौशिक , भाजपा जिला अध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट के निर्देशानुसार भाजपा सोशल मीडिया के जिला संयोजक रमेश सुथार द्वारा सोशल मीडिया विभाग के विधानसभा संयोजक एवं सह संयोजकों के नाम की घोषणा की गई । मीडिया प्रभारी पदमा सोनी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी रावतभाटा के कार्यकर्ता कार्तिक तोमर को बेगू विधानसभा के सोशल मीडिया विभाग का संयोजक बनाया गया है।

## युवक का जला हुआ शव मिलने से फैली सनसनी

**बारां।** सदर थाना क्षेत्र के बामला के समीप खेत पर बाइक समेत युवक का जला हुआ शव मिला। सदर थाना क्षेत्र के बामला के समीप खेत पर सोमवार दोपहर बाइक समेत युवक का जला हुआ शव मिला है। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। सूचना मिलने पर सदर थाना सीआई छुट्टनलाल मीना भी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंच गए।

## मजदूर महिला से बलात्कार के 7 आरोपी पुलिस गिरफ्त में, एक फरार

कोटा 8 अप्रैल । शहर की रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता के साथ 8 लोगों गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी युवकों ने जबरदस्ती महिला को रोका और सूनसान जगह पर ले जाकर गैंगरेप किया । इस मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है । दरअसल, ये पूरा मामला कोटा के रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र का है । इस पूरे मामले में थाना क्षेत्र के दो हिस्ट्रीशीटर भी शामिल हैं. पुलिस गैंगरेप की इस वारदात में आरोपी 8 हैं या इससे अधिक हैं, इसकी भी जांच कर रही है. गैंगरेप की इस वारदात की घटना की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस के मुताबिक, पीड़ित महिला का मेडिकल चेकअप करा दिया गया है. आरपीएस, जांच अधिकारी महिला अनुसंधान सेल नियति शर्मा ने बताया कि सात आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार कर लिया गया है और एक की तलाश की जा रही है।

**मजदूरी के पैसे लेने गई थी पीड़िता**-इस गैंगरेप की वारदात में कितने लोग शामिल थे,पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है. कोटा के संबंधित थाना क्षेत्र की पीड़िता अपनी मजदूरी के पैसे लेने ठेकेदार के पास गई थी, जहां से वह वापस लौट रही थी,40 वर्षीय पीड़िता मध्य प्रदेश की रहने वाली है।

**सुनसान जगह ले जाकर किया गैंगरेप**-महिला रेलवे कॉलोनी थाना क्षेत्र में अपने पति और बच्चों के साथ रह रही है. घटना वाले दिन ठेकेदार के पास से लौटते समय करीब 8.30 बजे चारों युवकों ने पीड़िता को रोक लिया और जबरन रेलवे क्षेत्र के विद्युत सब स्टेशन के करीब ले गए. यह जगह सूनसान है,जहां कोई नहीं आता जाता है।



## श्रीराम रेयन्स कोटा में मतदाता जागरूक कार्यक्रम

**देश की धरती । कोटा 8 अप्रेल।** सोमवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य विभाग कोटा, कारखाना एवं बॉयलर विभाग , श्रम विभाग तथा जिला स्वीप टीम के द्वारा श्रीराम रेयन्स कोटा के स्टाफ एवं श्रमिकों के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वीप एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर पुरुषोत्तम शर्मा द्वारा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी मतदाता एप्स की जानकारी श्रमिकों को दी। अतिरिक्त विकास अधिकारी सत्येंद्र मीणा ने 26 अप्रैल को फैक्ट्री कार्मिकों को 100 प्रतिशत मतदान करने हेतु आह्वान किया। फैक्ट्री एवं बॉयलर विभाग के उप मुख्य निरीक्षक ऋषभ कुमार जैन द्वारा मतदाता दिवस पर सवैतनिक अवकाश होने की जानकारी एवं कोटा से बाहर के लोगों को उनके मतदान दिवस पर उन्हें भेजे जाने की बात कही। श्री राम रेयन्स के वाइस प्रेसिडेंट किरीट जोशी द्वारा सभी को मतदाता शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर श्रम निरीक्षक भरत सुथार , जिला प्रबंधक जितेंद्र बंसीवाल , जिला उद्योग केंद्र के निरीक्षक महेंद्र सिंह राजावत, फैक्ट्री एवं बॉयलर विभाग से हिमांशु , डीसीएम श्रीराम रेयन्स से वाइस प्रेसिडेंट परेश जौहरी , जनरल मैनेजर टेक्सटाइल अमित खंडेलवाल, उप महाप्रबंधक प्रशासन मेजर विक्रम सिंह तथा सहायक महाप्रबंधक सेफ्टी अमित कटारा भी मौजूद रहे।

# चाय विक्रेता शुभम मेहरा की हत्या के आरोपी को रिमांड पर सौंपा

कोटा 8 अप्रैल। चाय विक्रेता शुभम मेहरा की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी चेतन शर्मा को एक दिन की अवधि के लिए पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। प्रकरण के अनुसार 05 अप्रैल 24 को मजरुब शुभम मेहरा पुत्र कन्हैयालाल जाति मेहरा उम्र 25 साल निवासी ब्रम्हपुरी छोटी समाद रामपुरा थाना कोतवाली कोटा शहर हाल भर्ती जैर इलाज इमरजेंसी वार्ड बैड नं. 06 नं. एमबीएसएच कोटा शहर के पर्चा बयान एमबीएसएच कोटा के लाकर इस आशय के पेश किये कि मैं उक्त पत्ते पर माता-पिता के साथ निवास करता हूं। कल 04 अप्रैल 24 को समय करीब 10-30 पीएम के आस पास की बात है,मैं छोटी समाद के बाहर मेरा चाय का काउन्टर का सामान समेट रहा था,उसी समय चेतन उर्फ दीपक शर्मा उर्फ पण्डित मेरे काउन्टर पर आया और एक सिगरेट ली और कहा कि मेरे दोस्तों से पैसे मत लिया कर, मेरे से लिया कर। मैने कहा क्यों नहीं लुंगा,मेरा रोज का धन्धा है। इसी बात से नाराज होकर दीपक पण्डित ने चाकू निकाल लिया और जान से मारने की नियत से मेरे सीने पर बायें तरफ वार किया, जो बांये तरफ बगल में सामने लगी ।मुझे धक्का देकर गिरा दिया और मैं उठा तो दीपक ने मेरे बाये कंधे पर चाकू की मारी। दीपक ने मेरा गला पकड़ लिया,मुझे रोककर मेरे सिर पर जान से मारने की नियत से चाकू की मारी। एक चोट मेरे बाये कुल्हे पर मारी,उसी समय मेरा भाई डम्पी आ गया,उसने बीच बचाव किया तो मेरे भाई डम्पी के बाये पर बगल में पसलियों पर चाकू की जान से मारने कि नियत से मारी ।मारपीट कर दीपक पंडित वहां से भाग गया,मुझे व मेरे भाई डम्पी को पुरूषोत्तम एमबीएसएच कोटा ईलाज हेतु लेकर आया था। मुझे व मेरे भाई को भर्ती कर लिया है। हमारा ईलाज चल रहा है। जिस पर थाना कोतवाली कोटा शहर पर जानलेवा हमले व एससी/एसटी एक्ट की गम्भीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान हरिराम सोनी आरपीएस वृताधिकारी एससी / एसटी सैल कोटा शहर द्वारा शुरु किया गया। दौराने इलाज मजरुब शुभम मेहरा की मृत्यु होने से धारा 302 एड की गई। पुलिस उपाधीक्षक वृताधिकारी एससी/एसटी सैल कोटा शहर हरिराम सोनी के निर्देशन में थानाधिकारी थाना कोतवाली बृजबाला मय जाप्ता द्वारा मुल्जिम की गिरफ्तारी की सरगर्मी से तलाश कर त्वरित कार्यवाही करते हुए रविवार 7 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान अधिकारी पुलिस उपाधीक्षक एससी एसटी सेल हरिराम सोनी द्वारा आरोपी चेतन शर्मा उर्फ दीपक पुत्र रेवतीरमण शर्मा जाति ब्राहम्ण उम्र 26 साल निवासी छोटी समाद ब्रम्हपुरी रामपुरा थाना कोतवाली कोटा शहर को आज सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से पुलिस के आग्रह पर उसे एक दिन की अवधि के लिए अनुसंधान हेतु रिमांड पर सौंप दिया गया।


**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, झालरापाटन**

जिला झालावाड़ (राज.) 326023

फोन नं.07432-240025 ई-मेल c.o.npjhalarapatan@gmail.com

क्रमांकः-/न.पा.झा.पा./2024/77-80 दिनांकः- 03.04.2024

**आपत्ति आमंत्रित सूचना**

एतद द्वारा हर आम व खास को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों द्वारा नगर पालिका झालरापाटन क्षेत्र में मीट शॉप की दुकान चलाने हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत कर पंजीयन करवाना चाहते हैं। इस संबंध में जो कोई भी व्यक्ति तथा कथित स्थान भेरूपुरा बस्ती झालारापाटन में मीट शॉप की दुकान चलाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र में निजी तथा सार्वजनिक रूप से आपत्ति या सुझाव प्रस्तुत करना चाहे तो सूचना प्रकाशित होने की दिनांक से 15 दिवस अनाधिक समयावधि के भीतर लिखित रूप में झालरापाटन नगर पालिका में प्रस्तुत कर दें। के अंदर अपने दस्तावेजों के साथ अपनी आपत्ति कार्यालय समय में नगर पालिका में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद गुजरने मियाद कोई आपत्ति में अन्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | पता | अनापत्ति हेतु आवेदित स्थल |
|---|---|---|---|
| 01. | श्री राजू खटीक आ.पीरुलाल | भेरु बस्ती, झालरापाटन | स्थान भेरुपुरा बस्ती में मीट शॉप संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र |
| 02. | श्री पीयूष कुमार खटीक आ. स्व. मोहनलाल | भेरु बस्ती, झालरापाटन | स्थान भेरुपुरा बस्ती में मीट शॉप संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका झालारापाटन


# व्हाट्सएप पर भ्रामक सूचना फैलाना पड़ा भारी पूर्व महापौर की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

कोटा । लोक सभा चुनाव के दौरान व्हाट्सएप पर भ्रामक सूचना फैलाना अब भारी पड़ेगा। ऐसे ही एक मामले में जवाहर नगर पुलिस ने सोमवार को पूर्व महापौर महेश विजय की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस अब भ्रामक सूचना पोस्ट करने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार पूर्व महापौर महेश विजय ने जवाहर नगर थाने में दी शिकायत में कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने अपने मोबाइल नम्बर 9166604107 से व्हाट्सएप पर एक पोस्ट स्वयं डाली कि जिसमें लिखा कि "ब्रेकिंग न्यूज हीरालाल नागर, महेश विजय के साथ कैंप कार्यालय में छोटा भाई ने की बदसलूकी, मारपीट" । इस आपराधिक पोस्ट का उद्देश्य उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के साथ दो समाजों के बीच में दुर्भावना तथा समाज में भय उत्पन्न करना है। विजय ने कहा कि यह व्हाट्सएप पोस्ट जानबूझ कर चुनाव में एक प्रत्याशी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से समाज में फैलाई गई। इसकी जानकारी समाज के लोगों को लगने से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। यह एक आपराधिक कृत्य है जिस पर पुलिस को अभियुक्त को तत्काल गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उधर पुलिस ने महेश विजय की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 469, 471, 500, 505, 120 बी आई.पी.सी. एवं आई.टी. एक्ट 66 व 67 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मालिक, मुद्रक एवं संपादक प्रदीप जैन द्वारा देश की धरती प्रेस ओसीएफ-4 विश्वकर्मा नगर कोटा से मुद्रित होकर ओसीएफ-4 विश्वकर्मा नगर कोटा से प्रकाशित आर.एन.आई.न.26204/74 Email:dhartikota@gmail.com, कोटा
दूरभाष 0744-2411711,2411911 ,मो.98292-21551-98292-21552, सवाई माधोपुर:07462-233631, झालावाड़:07432-231077 जयपुर: बी-75 भाननगर क्वीन्स रोड़ (0141-2355483